GE
नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

अलग अंदाज, अलग नज़रिया | इंदौर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 37

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

पेज-6 **बदला शुरू : आतंकियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ एक्शन, बम से उड़ाए**



## मौसम के कई रंग, सुबह लगा तेज बूंदाबांदी होगी



फोटो : नितिन सोलंकी

**इंदौर**। शहर में मौसम के कई रंग देखने को मिले। शुक्रवार शाम से मौसम बदलने लगा था। शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। इसके बाद रात में हवा भी आम दिनों की अपेक्षा ठंडी थी। शनिवार सुबह बादलों ने ऐसा डेरा जमाया कि लगने लगा आज तो बारिश होगी। लेकिन बादल छंटने लगे और धूप खिल उठी। मौसम विभाग ने ट्रफ की वजह से प्रदेश में गरज-चमक और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। शनिवार को ग्वालियर-जबलपुर समेत 19 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, इंदौर और उज्जैन में गर्मी का असर बरकरार रहेगा। शनिवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुर, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर में बारिश हो सकती है।

**सुविधा : इंदौर रोड से सीधे मेला क्षेत्र पहुंच सकेंगे सिंहस्थ में श्रद्धालु**

# शिप्रा पर बनेगा फोरलेन ब्रिज

गुड इवनिंग, इंदौर/उज्जैन

- इंदौर रोड की कॉलोनियों के लोगों का भी मेला क्षेत्र में जाना आसान होगा
- मेला क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़कों का लोड कम हो सकेगा

**इंदौर/उज्जैन। सिंहस्थ-2028 में इंदौर रोड सीधे मेला क्षेत्र से जुड़ सकेगा, जिसके लिए परमेश्वरी गार्डन के समीप से सिकंदरी गांव तक फोरलेन का निर्माण किए जाने के साथ ही शिप्रा नदी पर फोरलेन ब्रिज बनाया जाएगा, जिसके निर्माण से श्रद्धालु व साधु-संत इंदौर रोड से सीधे मेला क्षेत्र में जा सकेंगे। इंदौर रोड की कॉलोनियों के रहवासियों का भी मेला क्षेत्र में आना-जाना आसान होगा।**

साथ ही मेला क्षेत्र की ओर जाने वाली दूसरी सड़कों पर सिंहस्थ में ट्रैफिक लोड कम हो सकेगा। यह फोरलेन सिकंदरी से जीवनखेड़ी व सिंहस्थ बायपास मार्ग से जुड़ेगा, जिससे मेला क्षेत्र की कनेक्टिविटी हो सकेगी। इंदौर रोड की ओर से आने वाले नगर निगम की ओर से इंदौर रोड से सिकंदरी गांव तक एमआर-21,एस-4 का निर्माण करीब 19.71 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इसका ठेका बिलीफ बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को दिया गया है।

**सेतु निगम करेगा ब्रिज का निर्माण :** सड़क को मेला क्षेत्र से जोड़ने के लिए शिप्रा नदी पर ब्रिज का निर्माण सेतु निगम करेगा, जिसका टेंडर सेतु निगम ने जारी कर दिया है। इसके तहत एसआर-4 मार्ग त्रिवेणी हिल्स कॉलोनी के पीछे सिकंदरी की ओर शिप्रा पर फोरलेन ब्रिज का निर्माण होगा।



### अब नागझिरी तक बनेगा फोरलेन

दताना से नागझिरी तक करीब 1.70 किमी में शेष सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग की ओर से करीब 7 करोड़ 76 लाख 44 हजार रुपए का टेंडर जारी किया है। यह कार्य 12 माह में पूर्ण किया जाएगा। देवास रोड पर दताना-मताना हवाई पट्टी तक किए जा रहे फोरलेन निर्माण को शहर की ओर बढ़ाते हुए नागझिरी तक फोरलेन किया जाएगा।

सिंहस्थ में सबसे ज्यादा ट्रैफिक लोड इंदौर रोड पर ही रहता है, जिसे ध्यान में रखकर डी मार्ट के सामने से फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है।

**बारिश पूर्व पुल की डिजाइन फाइनल होगी :** सिंहस्थ कार्यों में ब्रिज के निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जाना चुनौतीपूर्ण है, जिसे लेकर शुक्रवार को कलेक्टर रोशन सिंह ने सेतु विभाग के कार्यपालन यंत्री पीएस पंत को निर्देश दिए कि टेंडरिंग प्रक्रिया जल्द कर ब्रिज निर्माण शुरू करवाए जाएं। इसके लिए ड्रॉइंग डिजाइनिंग आदि के कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण किया जाए।

**गऊघाट पर भी ब्रिज, टेंडर जारी :** गऊघाट से सांवराखेड़ी की ओर से शिप्रा पर प्रस्तावित सड़क का निर्माण के साथ फोरलेन ब्रिज बनाया जाएगा। दोनों ब्रिज 29.84 करोड़ रुपए से बनेंगे, जिसका निर्माण होने से हरिफाटक व यंत्रमहल मार्ग से श्रद्धालु सीधे मेला क्षेत्र में आ-जा सकेंगे।

## गुजरात में 500 विदेशी नागरिक गिरफ्तार, दस्तावेज देखे जा रहे

**अहमदाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद गुजरात सरकार ने विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। अहमदाबाद और सूरत में देर रात पुलिस ने कई इलाकों में छापा मारा और 500 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। इनमें ज्यादातर बांग्लादेशी नागरिक हैं। अहमदाबाद में करीब 454 और सूरत में 100 से ज्यादा लोगों को पकड़ा गया है। इन सभी के दस्तावेजों की जांच चल रही है। कुछ लोगों से आधार कार्ड भी मिले हैं। पुलिस ने सभी के फोन भी जब्त कर लिए हैं। गुजरात पुलिस इसे विदेशी नागरिकों को पकड़ने का अब तक का सबसे बड़ा अभियान बता रही है। ऑपरेशन शुक्रवार रात 12 बजे शुरू हुआ और शनिवार सुबह तक चला।



## मोदी आज 51,000 से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत देशभर के 51,000 से अधिक नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह 15वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के युवाओं को सशक्त बनाना और राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस रोजगार मेले के माध्यम से चुने गए अभ्यर्थी देश के विभिन्न हिस्सों से हैं और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में अपनी सेवाएं देंगे। इनमें राजस्व विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय आदि शामिल हैं।



# बाबा साहब के सिद्धांतों को लेकर देश के विकास में सहभागी बनें

## भारत रत्न बाबा साहब आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन

गुड इवनिंग, इंदौर

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा द्वारा समरसता पखवाड़ा के अंतर्गत उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर भाजपा अजा मोर्चा द्वारा बेटमा में सांसद महेंद्र सोलंकी, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ निशांत खरे, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश गिरजे, महामंत्री भगवान परमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपालसिंह चौधरी, अशोक यादव, घनश्याम नारोलिया, जिला महामंत्री कैलाश चौहान, रामस्वरुप गहलोत, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल चौहान, सरदार मालवीय की उपस्थिति में संगोष्ठी हुई।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद महेंद्र सोलंकी ने कहा बाबा साहब सिर्फ दलित वर्ग के नेता नहीं थे बल्कि सर्व समाज के नेता थे, वे समाज सुधारक थे, इसलिए वे गरीबों के नेता थे, वंचितों के नेता थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बाबा साहब के विचारों से प्रेरित होकर कार्य कर रही है, इसलिए गरीबों को मकान मिल रहे हैं, गांव में घर घर शौचालय बने, हर चौपाल तक रसोई गैस पहुँची है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आग्रह किया कि बाबा साहब के सिद्धांतों और विचारों को अपनाकर देश के विकास में सहभागी बने, यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डॉ निशांत खरे ने कहा कि भारत का एक विभाजन जो हुआ वह नेहरू जी की गलती के कारण हुआ, लेकिन देश की आजादी के बाद कोई विभाजन नहीं हुआ, क्योंकि बाबा साहब ने संविधान की रचना की थी। जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने एक श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ संविधान की रचना की, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाकर बाबा साहब के संविधान का गला घोंटने का कार्य किया। कांग्रेस ने एक बार नहीं अनेकों बार संविधान का दुरूपयोग कर देश की चुनी हुई गैर कांग्रेसी सरकारों को गिराने का पाप किया है। संगोष्ठी को भगवान परमार, शैलेष गिरजे ने भी संबोधित किया। मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल चौहान ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संचालन शैलेष गिरजे ने, आभार चन्द्रशेखर छापोला ने माना। इस अवसर पर सतीश मालवीय, जिला मंत्री सुभाष पाटीदार, सुनयना बियानी, वरुण पाल, संगीता भार्गव, नीलेश उपाध्याय, हेमलता डागर, संगीता तंबोली, आशीष डागर, कमल परमार, सतीश बोरदिया, सतीश सोनगरा, रोहित भेरवे, मनोहर कछावा, प्रकाश जाटव, सुनील परमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजजन उपस्थित थे।




### करणी सेना ने पाकिस्तान के पुतले को जूतों-चप्पलों से पिटाई करते किया आग के हवाले

# हिंदुओं की हत्या पर शहर में आक्रोश

गुड इवनिंग, इंदौर

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा 28 हिंदुओं की हत्या के विरोध में कल भी शहरभर में आक्रोश देखा गया। कहीं पाकिस्तान का पुतला फूंका गया तो कहीं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

करणी सेना ने पाकिस्तान का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। कार्यकारी नगर अध्यक्ष अभिजीत सिंह बुंदेला ने बताया कि यह घटना देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक है और इसके पीछे जिम्मेदार आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। करणी सेना कार्यकर्ताओं ने पुतले की जूतों-चप्पलों से पिटाई करते हुए उसे आग के हवाले किया। प्रदर्शन के बाद थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों पर कठोर कदम उठाने की मांग की गई। अभिजीत सिंह ने कहा कि अगर सरकार कदम नहीं उठाती, तो करणी सेना खुद आतंकवाद के सफाए को तैयार है।

यह प्रदर्शन करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दिखीत के निर्देश पर हुआ। उन्होंने कहा कि करणी सेना हिंदू समाज की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी।



## श्रद्धांजलि सभा एवं पुतला दहन



शुक्रवार को रामेश्वर धाम सेवा समिति, श्रीराम भक्त मंडल व कालिंदी गोल्ड सिटी के समस्त रहवासियों द्वारा पहलगाम की दर्दनाक आतंकी घटना के विरोध में श्रद्धांजलि सभा एवं आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। श्रीराम भक्त मंडल के नीलेश कुशवाह ने बताया कि यह रैली समाज की एकजुटता और आतंक के विरुद्ध कड़ा संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। रैली का आरंभ रामेश्वर धाम रूबी गार्डन से हुआ, जहाँ दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात रहवासियों ने आतंकवाद के विरुद्ध रैली निकालते हुए सार्थक चौराहा होते हुए श्रीराम चौराहा तक मार्च किया।

**बिजासन मंदिर पर भी जला आतंकवाद का पुतला -** अति प्राचीन बिजासन मंदिर पर भी पुतला दहन किया गया। कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले मारे गये निर्दोष पर्यटकों को पुष्पों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माता मंदिर के प्रांगण में अतंकवाद का पुतला भी फूंका गया। दर्शनार्थियों ने भी पुतले पर जूते चप्पल मार कर आक्रोश जताया। पुजारी दीपक रतन गोस्वामी संग दर्शनार्थियों ने मां बिजासन से दिवगंत आत्माओं की शांति की कामना की।

## आतंकवाद से लड़ने की शपथ ली



**इंदौर।** भाजपा कार्यालय पर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के शुभारंभ होने पर किसी प्रकार का स्वागत की रस्म नहीं की गई। 13 अप्रैल से डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती से प्रारंभ हुए कार्यक्रमों के समापन पर 29 अप्रैल को होने वाली संगोष्ठी की तैयारी बैठक हुई। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि आज कार्यालय पर वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी एवं इनके आत्मा की शांति के लिये दो मिनिट का मौन धारण भी किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुदर्शन गुप्ता, जयपालसिंह चावड़ा, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, कैलाश शर्मा, दिनेश वर्मा, घनश्याम शेर, हरप्रीतसिंह बक्षी, राजेश सिरोडकर, बलजीतसिहं चौहान, अमर पेढारकर सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय श्री परशुराम जयंती महोत्सव 28 से

**इंदौर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर 28, 29 एवं 30 अप्रैल को तीन दिवसीय श्री परशुराम जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री परशुराम महासभा के प्रदेश प्रभारी पंडित संजय मिश्रा ने बताया महोत्सव का शुभारंभ शाम 5:30 बजे हनुमान मंदिर चाणक्यपुरी चौराहा से भगवान परशुराम की शोभायात्र के साथ होगा। 29 अप्रैल को सायंकाल 7:00 बजे परशुराम जी की संगीतमय आरती होगी। 30 अप्रैल को ब्रह्म तीर्थ जाना पाव पर प्रातः 4:00 बजे भगवान परशुराम की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक, 56 भोग एवं महाआरती होगी। प्रातः 6 बजे ब्रह्मतीर्थ जानापाव से मां रेणुका की ज्योति दर्शन यात्रा का शुभारंभ होगा।

## छावनी और सुभाष मार्ग सड़क चौड़ीकरण में राहतपूर्ण निर्णय



**इंदौर।** सुभाष मार्ग और छावनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर उत्पन्न जनसरोकारों के बीच महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लिए गए संतुलित निर्णय से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है।

इस निर्णय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रहवासियों ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर महापौर का पुष्पहार, सिंह मस्तक चिन्ह और अभिनंदन पत्र का वाचन भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर मनीष शर्मा मामा पार्षद सुरेश टाकलकर सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर ने स्पष्ट किया कि जिन नागरिकों के निर्माण कार्य हटाए जाएंगे, उन्हें नीति अनुसार ट्रांसफर डेवलपमेंट राइट्स और फ्लोर एरिया रेश्यो प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नियमानुसार हर प्रकार की सहायता और मुआवजा भी उपलब्ध कराया जाएगा।

**जनसहभागिता और प्रशासनिक संवाद का उत्कृष्ट उदाहरण**-यह निर्णय एक ओर जहां प्रशासनिक संवेदनशीलता को दशार्ता है, वहीं दूसरी ओर जनसहयोग और संवाद की उत्कृष्ट मिसाल भी है। नागरिकों ने स्वेच्छा से अपने निर्माण हटाने का आश्वासन देकर विकास कार्यों में सहयोग का आदर्श प्रस्तुत किया है।

# मधुमक्खी के डंक के दर्द और इलाज से मिलेगी मुक्ति

## हनी बी थेरपी शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में पहली बार आयोजित हनी बी थेरपी शिविर में लोगों ने मधुमक्खी के डंक से बीपी, डायबिटीज और अन्य जटिल बीमारियों के इलाज का अनुभव लिया। श्री गणेश मंडळ और शांतीपुरुष सेवा संस्था, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अनूठे शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

शिविर में महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध हनी बी थेरपिस्ट डॉ. श्रीराम दिगंबर कुलकर्णी और डॉ. सुखदा भिसे ने मरीजों को मधुमक्खी डंक द्वारा चिकित्सा प्रदान की। यह 2000 वर्ष पुरानी भारतीय पद्धति आज भी अनेक असाध्य मानी जाने वाली बीमारियों–जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायरॉइड, अस्थमा, किडनी स्टोन, माइग्रेन और जोड़ों के दर्द–में प्रभावी रूप से राहत देने में सक्षम है। मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर ने इस चिकित्सा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय



पारंपरिक ज्ञान में अद्भुत क्षमता है, जिसे आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता है। वहीं जाने-माने गायक पं. सुधीर व्यास ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी पहल बताया। डॉ. कुलकर्णी ने बताया कि उन्होंने अब तक 30 लाख से अधिक मरीजों को दवाओं से मुक्त जीवन देने में सफलता पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस चिकित्सा को जनसामान्य तक पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। गणेश मंडळ, जेल रोड, पर आयोजित इस शिविर के समापन पर संस्था द्वारा सभी चिकित्सकों व विशेष अतिथियों का सम्मान भी किया गया।

### माउंट एवरेस्ट फतेह और भारत से लंदन साइकिल यात्रा करने वाली गुजरात की युवा की पहल

# महिला सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करेंगी निशा कुमार

गुड इवनिंग, इंदौर

माउंट एवरेस्ट फतेह और भारत से लंदन साइकिल यात्रा करने वाली गुजरात की युवा निशा कुमार अब ग्लोबल वार्मिंग और वूमन सेफ्टी की दिशा में बड़ा काम करना चाहती हैं।

स्टेट प्रेस क्लब म. प्र. के 'रूबरू 'कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए वडोदरा गुजरात की निवासी एक्स एनसीसी एयर विंग कैडेट निशा कुमार ने बताया कि सात साल की कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने 17 मई 2023 को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराया। उन्होंने बताया कि एवरेस्ट से वापसी के समय फ्रास्टबिट बीमारी की वजह से उनके दोनों हाथों की नौ उंगलियों के नाखून चले गए और सभी उंगलियां के ऊपरी हिस्से काटने पड़े। काठमांडू,दिल्ली और मुंबई के अस्पतालों में इस बीमारी का इलाज कराया लेकिन हिम्मत नहीं हारी।

निशा कुमारी के कोच निलेश बारोट से उनकी मुलाकात एमएस



यूनिवर्सिटी, वडोदरा के कॉलेज में एक एडवेंचर इवेंट के दौरान हुई। फिर शुरू हुआ इनका कड़ा प्रशिक्षण। निशा के साथ अन्य दस स्टूडेंट्स ने भी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का सपना देखा लेकिन करोना काल में सब पीछे रह गए। उसे दौर में भी निशा रोजाना लंबी दूरी की दौड़ लगाती और साइकिल चलाया करती।

एवरेस्ट विजय के साथ ही निशा भारत के उन 500 लोगों में शरीक हो गई है जिन्होंने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराया है। इस उपलब्धि के बाद निशा कुमारी ने साइकिलिंग में अपना करियर बनाया। लंबे अभ्यास के बाद उन्होंने वडोदरा गुजरात से लंदन तक की साइकलिंग की। 210 दिनों में 16888 किलोमीटर साइकिल चलाकर निशा जनवरी 2025 में लंदन पहुंची। निशा ने बताया कि इस दौरान 16 देश से गुजरते हुए उन्हें कई खट्टे मीठे अनुभव हुए। सबसे अधिक चुनौती उन्हें चीन में मिली। वहीं मध्य एशिया के देश रूस सहित किर्गिस्तान आदि में भारतीय संस्कृति से प्रभावित कई युवा मिले जो हिंदी भी जानते थे। चीन का पर्यावरण उन्हें बेहतर लगा। अपनी पूरी साइकिल यात्रा के दौरान निशा कुमारी ने हजारों पौधे भी रोंपे।

इस पूरी साइकिल यात्रा के दौरान सबसे बड़ी चुनौती रास्ता खोजने की रही क्योंकि गूगल मैप भारत में है। चीन में ए मैप डाउनलोड करना पड़ा। सेंट्रल एशिया कंट्रीज में येंडेक्स में रेफर करना पड़ा। सबसे बड़ी चुनौती उन्हें खाने को लेकर हुई। वेजीटेरियन होने के कारण इन्हें इन रास्तों पर फल एवं सलाद खाकर ही सफर करना पड़ा। वैसे अपने घर से लेकर का सत्तू मूंग चना बहुत काम आया। निशा के कोच श्री बारोट ने बताया कि माउंट एवरेस्ट और साइकिल यात्रा पर करीब एक करोड़ रूपया खर्च हुआ जिसमें गुजरात पुलिस सहित आमजनों ने सहयोग किया। उन्होंने बताया कि अब दो बड़े लक्ष्य पूर्ण करने के बाद निशा कुमारी पर्यावरण और वूमन सेफ्टी की दिशा में बड़ा काम करने जा रही हैं। जिसके लिए वह बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन आई हैं।

# प्रदेश में पहली बार आधुनिक तकनीक से बना रहे ड्रेनेज लाइन

गुड इवनिंग, इंदौर

महापौर ने शुक्रवार को पश्चिम इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण, ड्रेनेज लाइन, जल निकासी, ट्रैफिक प्रबंधन और अन्य शहरी विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा (बब्लू), पार्षद प्रशांत बड़वे, पार्षद जीतू राठौर, निगम के अपर आयुक्त रोहित सीसोनिया, नरेंद्र नाथ पांडे, ट्रैफिक, वाटर सप्लाई, ड्रेनेज और जनकार्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। चाणक्यपुरी से राजमोहल्ला तक 20 फीट गहरी ड्रेनेज लाइन का निर्माण मध्य प्रदेश में पहली बार आधुनिक बॉक्स फिक्सिंग तकनीक से किया जा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह कार्य दो साल पहले शुरू हुआ था और अब यह लगभग पूर्णता की ओर है। इस लाइन से सुदामा नगर, वैशाली नगर, विश्वकर्मा नगर, भागीरथपुरा, राजेंद्र नगर सहित कई घनी बस्तियों को वर्षों से चली आ रही ड्रेनेज और जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। महापौर ने निमाणाधीन सड़क का जायजा लिया और निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। मीडिया के द्वारा पूछे गए नहरू पार्क में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत हुए



निर्माण कार्यों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक शिकायत के सवाल पर महापौर ने स्पष्ट कहा कि कार्य ना समय पर हुए, ना ही गुणवत्ता के मानकों पर खरे उतरे पूरे मामले पर निष्पक्ष जांच कर दोषियो पर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी उन्होंने कही। इस दौरान महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। स्थानीय रहवासियों ने ड्रेनेज ओवरफ्लो, सड़क क्षतिग्रस्त होने और पानी की सप्लाई में अनियमितता की शिकायतें दर्ज करवाई। महापौर ने संबंधित विभागों को 7 दिन के भीतर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।

**इंदौर।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज चंदन नगर ओवरब्रिज से जिला अस्पताल तक मार्ग का निरीक्षण किया। गंगवाल से सर्वटे बस स्टैंड रोड का जायजा लिया और दोपहर में आईटी कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर बीसीसी परिसर का दौरा किया। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी स्थलों पर विकास कार्यों की समीक्षा की गई।





**इंदौर।** एमआर 10 पर बने अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का कल इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आर.पी. अहिरवार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में बस टर्मिनल पर प्रमुख रूप से लगी वातानुकूलन प्रणाली का सफल परीक्षण किया गया। टर्मिनल भवन से होटल एरिया को जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज भी बनकर तैयार हो चुका है, पारभासी कांच से बना यह 10 मीटर लंबा और 4 मीटर चौडा फुट ओवर ब्रिज बस टर्मिनल में विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।

### मंत्री सहित अन्य नेताओं ने किया भूमिपूजन

# 32 करोड़ में बनेगी एमआर 10 से एमआर 12 को जोड़ने वाली सड़क

गुड इवनिंग, इंदौर

विशेष केंद्रीय सहायता के तहत प्रस्तावित एमआर 10 से एमआर-12 को जोड़ने वाली नई रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह सड़क 32 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक तुलसीराम सिलावट, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, अभिषेक शर्मा बबलू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद थे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यक्रम के शुरू में हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना में दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने कहा यह भूमिपूजन विकास का प्रतीक है, परंतु वर्तमान समय में जब देश शोक में है, तब हम उत्सव नहीं, बलकि संकल्प के साथ यह शुरूआत कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि इंदौर शहर के मास्टर प्लान के





तहत 23 प्रमुख सड़कों का निर्माण एक साथ शुरू हुआ है, जिसकी कुल लागत 450 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा इनमें से अकेले 100 करोड़ रुपए की सड़कें सांवेर क्षेत्र में बन रही हैं। यह इंदौर के इतिहास में पहली बार है जब इतने बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे पर काम एकसाथ शुरू हुआ है। महापौर ने क्षेत्र में जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई पानी की टंकी का टेंडर स्वीकृत होने की जानकारी दी। उन्होंने कहाः इंदौर की मौजूदा जनसंख्या के अनुपात में हमारे पास पानी की आपूर्ति आधी है। आने वाले वर्षों में 900 एमएलडी पानी की आपूर्ति तय करने का टारगेट है, जिससे शहर की भविष्य की जरूरतें पूरी होंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर निगम सीमा में शामिल 29 गांवों में विकास की गति तेज करने के लिए बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि देश आज आतंकी हमले से दुखी है, लेकिन भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ कठोर निर्णय लेने में सक्षम है। विकास और सुरक्षा दोनों में सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# 5 करोड़ से अधिक की कर चोरी पर बिना वारंट के हो सकती है गिरफ़्तारी

गुड इवनिंग, इंदौर

जीएसटी कानून की धारा 69 के अंतर्गत विभाग को करदाता को गिरफ्तार करने का अधिकार है, ऐसी गिरफ्तारी धारा 132 में दर्शाए गए किसी भी अपराध के संबंध में हो सकती है। जीएसटी में किस प्रकार के अपराधों के लिए किस प्रक्रिया के तहत एक करदाता को गिरफ्तार किया जा सकता है तथा इसके लिए कर चोरी की राशि की सीमा क्या है। इन सब प्रावधानों की व्याख्या एवं जानकारी के लिए टैक्स प्रैक्टिशनरस एसोसिएशन एवं सीए इंदौर ब्रांच द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता सीनियर अधिवक्ता सुमित नेमा ने बताया कि धारा 69 के तहत धारा 132 में दिए गए कानून के विभिन्न उल्लंघनों पर करदाता की गिरफ्तारी हो सकती है। जीएसटी में मुख्यतया कर की चोरी के उदेश्श्य से बिना बिल के माल या सेवा देना या बिना वास्तविक सप्लाई के केवल बिल जारी कर इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित कर देना या किसी करदाता द्वारा बिना वास्तविक सप्लाई के क्रेडिट ले लेने अथवा गलत रिफंड ले लेने पर कर की राशि 5 करोड़ से अधिक होने पर बिना वारंट के गिरफ़्तारी हो सकती है। इसके साथ ही करदाता द्वारा टैक्स की राशि वसूल करके तीन माह के भीतर सरकार को जमा नहीं कराने पर भी ये प्रावधान लागू हो सकते है। उन्होंने बताया कि गलत ढंग से क्रेडिट लेने या देने पर अथवा टैक्स वसूल करके जमा नहीं करना या रिफंड गलत ढंग से लेने पर भी बिना किसी वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है एवं उपरोक्त सभी अपराध नॉन बेलेबल अपराधों की श्रेणी में आते है। इस प्रकार से गिरफ़्तारी पर करदाता को किस अपराध के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है




एवं 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को मेजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना होता है। अधिकतम 15 दिन के लिए कस्टडी मांगी जा सकती है। इस प्रकार के अपराध के लिए अधिकतम 5 साल की सजा के साथ जुमार्ना भी लगाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि 2 करोड़ से अधिक परन्तु 5 करोड़ तक के मामले बेलेबल होते है एवं इनमें गिरफ्तारी के लिए अरेस्ट वारंट जरूरी होता है। सीए कृष्ण गर्ग ने कहा कि कोई भी गिरफ्तारी की कार्यवाही तभी की जा सकती है जबकि विभाग के पास ऐसा करने के लिए समुचित कारण हो। गिरफ़्तारी की कार्यवाही के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होगा। एक बार किसी अपराध में पकड़े जाने पर किसी अपराध को करने जाने पर अधिकतम 5 साल के लिए सजा हो सकती है। गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील के माध्यम से कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखने का अधिकार है।

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए जेपी सर्राफ ने कहा कि जीएसटी के अंतर्गत जांच का दायरा बहुत बढ़ गया है। गलती होने पर विभागीय कार्यवाही से बचने के लिए अब व्यापारियों को बहुत सोच समझकर व्यापार करना चाहिए।

## अवैध रूप से खड़े डंपर और अन्य वाहन जब्त



इंदौर। यातायात सुधार के लिए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने देवगुराड़िया रेत मंडी के बाहर अवैध रूप से खड़े 8 हाईवा और डंपर जब्त किए।

# पाकिस्तान से आए लोग वापस नहीं जाएंगे

### सांसद के बयान ने चौंकाया, बोले- सरकार देगी नागरिकता

गुड इवनिंग, इंदौर

सांसद शंकर लालवानी ने पाकिस्तान से भारत आए सिंधी शरणार्थियों के संबंध में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए यह स्पष्ट किया कि लंबी अवधि के वीजा पर भारत आए सिंधी हिंदू शरणार्थियों को किसी भी स्थिति में वापस नहीं भेजा जाएगा। विशेष बात यह रही कि उन्होंने यह वीडियो पूरी तरह सिंधी भाषा में जारी किया, जिससे संदेश सीधे समुदाय तक उनकी मातृभाषा में पहुंच सके। सांसद लालवानी ने बताया कि इन शरणार्थियों की सुरक्षा और भविष्य केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकता प्रक्रिया को सरल बनाकर इन्हें जल्द भारतीय नागरिकता देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सांसद लालवानी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कई सिंधी शरणार्थी अपने भविष्य को लेकर दुविधा में थे। उनका यह आश्वासन सिंधी समुदाय के लिए राहत भरा माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे लगातार सिंधी समुदाय के अधिकारों की पैरवी कर रहे हैं और सरकार भी इस दिशा में गंभीर है।

**प्रदेश में 3 हजार सिंधी कई दशकों से कर रहे नागरिकता का इंतजार**–मध्यप्रदेश में लगभग 3 हजार सिंधी परिवार ऐसे हैं जो पाकिस्तान से शॉर्ट टर्म वीजा पर आए और यहीं बस गए। इनमें से अधिकांश भोपाल और इंदौर में निवास करते हैं। ये परिवार पिछले सात से पच्चीस वर्षों से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर रहे हैं। पूज्य सिंधी पंचायत के अनुसार, इन मामलों में देरी के बावजूद केंद्र सरकार ने भोपाल और इंदौर के कलेक्टरों को नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है। उल्लेखनीय है कि देशभर में बसे पाकिस्तानी नागरिकों में से करीब 50 फीसदी इंदौर में रहते हैं, जो मुख्यतः सिंध प्रांत, विशेषकर कराची से सटे क्षेत्रों से आए हैं।

**डर से भागकर आए, अब भारत में पा रहे अपनापन**–इंदौर में रह रहे कई सिंधी शरणार्थियों ने बताया कि पाकिस्तान में लूटपाट और भय का माहौल आम था। भारत में उन्हें शांति और सुरक्षा महसूस होती है। हिंदी भाषा में कठिनाई के कारण ये लोग उर्दू में हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।



# प्रदेश को मिलेगी लू से राहत, ग्वालियर, जबलपुर सहित इन 10 शहरों में होगी बारिश

गुड इवनिंग, भोपाल

**अलग-अलग स्थानों पर बनी दो मौसम प्रणालियों के असर से हवा के साथ नमी आने लगी है। इस वजह से शनिवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गर्मी के तीखे तेवरों के बीच ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। हालांकि इन्हीं जिलों के कुछ क्षेत्रों में लू चलने की चेतावनी भी दी गई है।**

शुक्रवार को प्रदेश के सभी शहरों में अधिकतम तापमान 40 से 44.6 डिग्री सेल्सियस के मध्य बना रहा। सबसे अधिक 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। शिवपुरी एवं छिंदवाड़ा में लू का प्रभाव रहा।

**इन संभागों में होगी बारिश :** मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू पर पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। उत्तर-दक्षिणी द्रोणिका मराठवाड़ा के उत्तरी भाग से मन्नार की खाड़ी तक आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु से होते हुए जा रही है।

हवा के साथ कुछ नमी आने के कारण शनिवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, विदिशा, सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, शहडोल, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इन्हीं क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू का प्रभाव भी रह सकता है।

**शनिवार को भोपाल व इंदौर में संभाग छाए रहेंगे बादल :** मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि हवा का रुख पश्चिमी बने रहने के कारण अरब सागर से कुछ नमी आ रही है। इस वजह से भोपाल, इंदौर संभाग में कहीं-कहीं बादल भी छाए हुए हैं। शनिवार को भी प्रदेश के दक्षिणी भाग में बादल छाए रह सकते हैं, जबकि उत्तरी भाग में कुछ तपिश भी बढ़ सकती है। हालांकि नमी रहने के कारण कई शहरों में गरज-चमक की स्थिति भी बन सकती है। मौसम का इस तरह का मिजाज तीन दिनों तक बना रह सकता है।



# सात लाख अधिकारियों-कर्मचारियों की ऑनलाइन कुंडली तैयार करेगी सरकार

## सेवानिवृत्ति तक की समस्त जानकारियां ऑनलाइन होंगी

गुड इवनिंग, भोपाल

**मध्य प्रदेश के सात लाख अधिकारियों-कर्मचारियों की पूरी कुंडली सरकार तैयार करने जा रही है। इसमें कर्मचारी का पूरा ब्योरा रहेगा यानी सेवा में आने से लेकर सेवानिवृत्ति तक की समस्त जानकारियां ऑनलाइन रहेंगे।**



इसका लाभ यह होगा कि फजीर्वाड़े पर रोक लगेगी। जिस व्यक्ति ने राज्य लोक सेवा आयोग या फिर कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भर्ती परीक्षा दी है, वही नौकरी कर पाएगा। उसके बायोमैट्रिक्स के आधार पर सत्यापन होगा। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने मानव संसाधन प्रबंधन सिस्टम तैयार किया है।

**पूरी कुंडली अभी सेवा पुस्तिका में रहती है :** कर्मचारियों की पूरी कुंडली अभी सेवा पुस्तिका में रहती है, जिसे मूल विभाग संधारित करता है। इसमें समय-समय पर होने वाली वेतनवृद्धि, पदोन्नति, गोपनीय चरित्रावली के आधार पर मिलने वाली श्रेणी, विभागीय जांच, आरोप पत्र की स्थिति, कब-कहां पदस्थ रहे, वेतनमान, छुट्टी सहित सभी विवरण रहता है। बार-बार यह शिकायत मिलती है कि इन्हें अद्यतन नहीं किया जा रहा है।

**कर्मचारियों को इसकी प्रति नहीं मिलती :** कई कर्मचारियों को इसकी प्रति तक नहीं मिलती है। इसके अभाव में पेंशन के निर्धारण में भी परेशानी आती है। कई बार ऐसे मामले भी सामने आते हैं कि अधिकारी या कर्मचारी को आरोप पत्र जारी किए गए हैं, पर इसका कहीं कोई रिकॉर्ड नहीं होता। इन सब स्थितियों को देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने मानव संसाधन प्रबंधन सिस्टम तैयार किया है।

**सभी तरह की जानकारी ऑनलाइन रहेगी :** इसमें कर्मचारियों की सभी तरह की जानकारियां ऑनलाइन रहेंगी। यदि किसी को कोई आरोप पत्र जारी करना है तो वो भी सिस्टम के माध्यम से ही होगा। इसके बाहर दिया गया नोटिस मान्य ही नहीं किया जाएगा। साथ ही जिस दिन कर्मचारी ज्वाइन करेगा, उस समय उसके द्वारा भर्ती एजेंसी को दिए गए आधार, फोटो, फिंगर प्रिंट और आइरिश ही मान्य किया जाएगा।

इसका लाभ यह होगा कि जिस व्यक्ति ने परीक्षा दी, वही नौकरी भी करेगा। कुछ जगहों पर ऐसी शिकायतें सामने आईं थीं कि परीक्षा किसी ने दी और नौकरी कोई और कर रहा था। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने बताया कि हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है। जल्द ही अधिकारियों-कर्मचारियों की कुंडली सबके सामने होगी।

**अनुकंपा नियुक्ति के लिए जाएगा एसएमएस :** इस व्यवस्था में यह प्रविधान भी किया गया है कि सेवा में रहते अधिकारी-कर्मचारी का निधन होने पर उसके द्वारा पूर्व से नामित आश्रित को एसएमएस जाएगा। चूंकि, उसकी पूरी कुंडली सरकार के पास पहले से रहेगी, इसलिए इसमें कोई परेशानी भी नहीं आएगी। पात्रता के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति जल्द मिल जाएगी। अभी इसमें काफी विलंब होता है।

## रेप केस में खुलासा

# हवस का शिकार बनाने के बाद हिंदू लड़कियों को जबरन मांस खिलाते थे

गुड इवनिंग, भोपाल

मुस्लिम युवक एक धर्म और उसके अनुयायियों के प्रति नफरत में हैवानियत पर उतर आए। आरोपित युवकों ने अनाथ बहनों से दुष्कर्म कर उन्हें और उनके धर्म के बारे में भद्दी-भद्दी बातें कीं। साथ ही जबरन उन्हें मांस खिलाकर धर्म भ्रष्ट किया और गांजा पिलाया।

आरोपितों ने धर्म परिवर्तन (लव जिहाद) करने के लिए भी पीड़िताओं को प्रताड़ित किया। जहांगीराबाद क्षेत्र में दो सगी बहनों के साथ ऐसी दरिंदगी की गई है कि सुनने वाले की भी रूह कांप जाए। मूलतः बैतूल की रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने बताया कि वह टीआईटी कॉलेज में बीटेक की छात्रा थी।

**दोस्त के घर पर युवती से किया दुष्कर्म :** वर्ष 2022 में दूसरे वर्ष की पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात कॉलेज के ही फरहान खान से हुई थी। फरहान ने उससे दोस्ती की। वह युवती को कॉलेज के अन्य दोस्तों के साथ जहांगीराबाद स्थित एक दोस्त के घर लेकर पहुंचा। वहां उसने युवती से दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया।छात्रा को जब वीडियो के बारे में जानकारी मिली तो फरहान ने बताया कि वह उससे प्रेम करता है। यदि वह उसके अनुसार नहीं चलेगी तो वह वीडियो वायरल कर देगा। वर्ष 2024 में फरहान ने उसे ब्लैकमेल करते हुए अपने दोस्त अबरार के साथ संबंध बनाने को मजबूर किया।

**छोटी बहन से भी की हैवनियत :** पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसने अपने परिवार में किसी से कोई बात नहीं की थी। वह अपनी बहन के साथ अशोकागार्डन में रहती थी। पीड़िता ने बताया कि पिछले वर्ष उसकी छोटी बहन भी कुछ दिनों से गुमसुम थी। उसने कारण पूछा तो बताया कि फरहान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे प्रताड़ित कर रहा है। साथ ही उसने बड़ी बहन को सभी तरह की यातनाओं के बारे में बताया। पीड़िता को जब पिछले दिनों पता चला कि कॉलेज की एक अन्य युवती ने फरहान के विरुद्ध शिकायत की है, तब उसने हिम्मत करके शिकायत दर्ज करवाई है।

# बेटे की पिटाई करने वाले बदमाशों को समझाने गए पिता के सिर पर मारी तलवार

गुड इवनिंग, भोपाल

कमलानगर क्षेत्र में बदमाश मामूली विवाद पर खुलेआम चाकूबाजी की वारदातें कर रहे हैं। कभी घर के सामने शराब पीकर उत्पात मचाते हैं तो कभी सरेराह लूट कर हमला करते हैं। बुधवार को एक बदमाश ने अपने पड़ोस के एक बच्चे से अकारण मारपीट शुरू कर दी और जब उसका पिता समझाने को आया तो बदमाशों ने उसकी पिटाई भी कर दी। साथ ही उसके सिर पर तलवार से हमला कर दिया।


कमलानगर पुलिस ने आरोपित बदमाशों पर प्रकरण दर्ज किया है। प्रधान आरक्षक सुनील मिश्रा ने बताया कि समीर सिंह परिहार झुग्गी माण्डवा क्षेत्र में रहकर ड्राइवरी का काम करता है। बुधवार दोपहर को उसके बेटे ने बताया कि पास की किराना दुकान पर राहुल और सलमान नामक बदमाश ने उससे मारपीट की। समीर दोनों को समझाने के लिए दुकान पहुंचा तो दोनों बदमाशों ने उससे विवाद शुरू कर दिया और लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। समीर ने विरोध किया तो गुस्साए सलमान ने उसके सिर पर तलवार मार दी। युवक लहूलुहान हुआ तो उसके स्वजनों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

# मध्य प्रदेश में पोस्ट ग्रेजुएशन के सभी विद्यार्थियों को पढ़ना होगा संविधान

गुड इवनिंग, भोपाल

विपक्ष के 'संविधान बचाओ' अभियान के बीच मध्य प्रदेश में संविधान की पढ़ाई अनिवार्य की जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर स्नातकोत्तर (पीजी) के सभी पाठ्यक्रमों में संविधान, मानवीय मूल्य और नैतिक शिक्षा की पढ़ाई अनिवार्य कर दी है। अभी तक कला संकाय के विद्यार्थियों को ही ये विषय पढ़ने होते थे।

नई अधिसूचना के बाद विज्ञान, गणित और वाणिज्य संकाय वालों को भी संविधान का पाठ पढ़ना होगा। संविधान, मानवीय मूल्य और नैतिक शिक्षा को वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम के तौर पर एक अलग प्रश्न पत्र में शामिल किया जा रहा है।




**तीनों विषयों को मिलाकर एक पाठ्यक्रम तैयार होगा :** अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत संविधान का कितना हिस्सा और उसका कौन सा प्रविधान पढ़ाया जाएगा यह अध्ययन मंडल बाद में तय करेगा। अध्ययन मंडल इन तीनों विषयों को मिलाकर कर एक पाठ्यक्रम तैयार करेगा। इस अधिसूचना के अनुसार स्नातकोत्तर चार सेमेस्टर का होगा। संविधान वाले वैल्यू एडेड विषय को दूसरे अथवा चौथे सेमेस्टर में पढ़ाया जाएगा। ऐसा इसलिए कि अगर कोई विद्यार्थी एक वर्ष का स्नातकोत्तर करता है तो उसे भी यह पढ़ा दिया जाए। दो वर्ष पढ़ाई का विकल्प चुनने वालों को यह चौथे सेमेस्टर में पढ़ाया जाएगा। यह पाठ्यक्रम दो क्रेडिट अंक का होगा, जिसमें विद्यार्थियों के लिए उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

**पीजी में मूल्यांकन प्रणाली में भी बदलाव :** स्नातकोत्तर कक्षाओं में मूल्यांकन प्रणाली बदली जाएगी। अब 60 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा और 40 प्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन से मिलेंगे। दोनों में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक पाना जरूरी होगा। प्रोजेक्ट, सेमिनार या लघु शोध प्रबंध में फेल होने पर दो सेमेस्टर में दोबारा मौका मिलेगा। अभी तक 85 प्रतिशत अंक मुख्य परीक्षा और 15 प्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन पर मिलते थे।

# गर्मी में खूब चलाएं एसी-कूलर कम आएगा बिल, करने होंगे यह उपाय

गुड इवनिंग, ग्वालियर

गर्मी ने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। तापमान भी 41 डिग्री पार कर गया है। जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, वैसे-वैसे एसी, कूलर, पंखों का इस्तेमाल बढ़ जाता है। ऐसे में आपका बिजली का बिल ना बढ़े, इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाए गए हैं। सिटी सेंटर जोन के मैनेजर सौरभ पांडे बताते हैं कि एसी इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता एसी के टेम्प्रेचर को 24 से 26 डिग्री पर सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर एसी के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

**एसी के साथ पंखा भी चलाएं :** एसी ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और बिल ज्यादा आता है। बेहतर होगा कि एसी के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। एसी के एयर फिल्टर को हर 10-15 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफ करें।

फिल्टर में धूल जमने में पूरी ठंडकनहीं मिलती और एसी ज्यादा देर तक चलाना पड़ता है। एसी वाले कमरों के खिड़की-दरवाजे एसी चलने के दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिड़कियों में झिरियां हों तो उन्हें थमाकौल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।

# राज्य कर्मचारियों को जल्द मिलेगा तोहफा बढ़ाया जाएगा 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता

गुड इवनिंग, भोपाल

प्रदेश के 7 लाख नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों का 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता सरकार जल्द बढ़ा सकती है। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 1 जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता देने का निर्णय हाल ही में लिया है।

प्रदेश के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। कर्मचारी संगठन लंबे से भत्ता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का महंगाई भत्ता 17 अप्रैल को जारी आदेश में एक जनवरी 2025 से 53 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है। जनवरी, फरवरी और मार्च का एरियर अप्रैल के वेतन में दिया जाएगा।

उधर, राज्य के कर्मचारियों को अभी भी 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। इसकी घोषणा भी अक्टूबर 2024 में की गई और 9 माह का एरियर तीन किस्तों में दिया गया। इस बीच केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों का दो बार महंगाई भत्ता बढ़ा दिया। इसका लाभ पेंशनरों को भी मिला।

**मुख्यमंत्री से हरी झंडी मिलने का इंतजार :** सूत्रों का कहना है कि वित्त विभाग ने अपनी ओर से महंगाई भत्ता बढ़ाने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही एकमुश्त 5 प्रतिशत भत्ता बढ़ा दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बजट में 64 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से विभागों के स्थापना व्यय में प्रविधान करके रखा गया है, जिससे वित्त के प्रबंधन में कोई परेशानी न हो।

## दिग्गजों के साथ नहीं हो सकी रायशुमारी

# खींचतान में अटका प्रदेश भाजपा के मुखिया का नाम

गुड इवनिंग, भोपाल

**प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव अबूझ पहेली बनता जा रहा है। जिलाध्यक्षों के नाम घोषित होने के बाद प्रदेश को नया अध्यक्ष मिलने की संभावना थी, लेकिन यह इंतजार बढ़ता जा रहा है। जातिगत, राजनीतिक, क्षेत्रीय सहित विभिन्न समीकरणों को टटोलना के बाद जो नाम सतह पर आए भी थे, उन्हें लेकर भी चचाएं थम चुकी हैं। तय माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष का नाम सामने आएगा।**




जनवरी में चुनाव अधिकारी बनाए गए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रदेश दौरा भी नहीं बन पाया। उन्होंने किसी नाम पर सहमति बनाने के प्रयास किए हों या रायशुमारी का दौर चला हो, ऐसे प्रयास भी सामने नहीं आए हैं।

पार्टी नेताओं का अनुमान है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर सहमति के बाद मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के अध्यक्षों के नाम घोषित होंगे, लेकिन अब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम भी तय नहीं हो सका है।

यह पहला अवसर है, जब भाजपा के संगठन चुनाव में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों के चुनाव के चार महीने बाद भी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर संगठन खाली हाथ है। पार्टी सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में बड़े कद के नेता कम हैं इसलिए वहां हाईकमान ने निर्णय कर दिया, लेकिन मध्य प्रदेश में मामला उल्टा है।

यहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर, जयभान सिंह पवैया, कैलाश विजयवर्गीय और राकेश सिंह जैसे नेताओं की राय को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

देरी की एक वजह इन दिग्गजों से रायशुमारी नहीं होना भी है। सत्ता और संगठन में बदलाव के बाद पुराने चेहरों की चिंता अपना किला बचाने की है, तो जिन्हें पीढ़ी परिवर्तन के चलते मौका मिला है, वे अपनी जमीन मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं।

## मंडी गेट से लेकर प्रमुख चौराहों पर हो रही खरीद-फरोख्त

# सारंगपुर में सरकारी चावल की कालाबाजारी

## रात के अंधेरे में निकालते है शुजालपुर, पचोर, बडोदिया की तरह गाड़ियां, प्रशासनिक मिलीभगत का अंदेशा

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

*राशन दुकानों से गेहूं कम और चालक अधिक मिलने के कारण इन दिनों सरकारी चावल की जमकर कालाबाजारी हो रही है। राशन कार्डधारियों से चावल लेकर उसे खुले बाजार में बेचने का धंधा काफी दिनों से चल रहा है। हद तो तब हो गई है कि स्थानीय कृषि उपज मंडी के समीप ही पीडीएस के सफेद चावल का कला कारोबार जमकर फल फूलने लगा, हालाकि प्रशासनिक अधिकारी ही सब कुछ जानकर आंखे मूंदे बैठे है। उल्लेखनीय है कि शहर सहित अंचल में हजारों परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए 159 राशन दुकानें संचालित है। शासन की योजना के मुताबिक यहां अंत्योदय, निराश्रित, अन्नापूर्णा, प्राथमकिता वाले तथा निःशक्तजनों को निश्शुल्क चावल, शक्कर, गेहूं आदि सामग्रियां उपलब्ध कराया जाता है। सूत्रों की माने तो सफेद चावल के काले कारोबार में कई मंडी व्यपारी भी लिप्त है। वही स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का अंदेशा है।*

**सस्ता खरीद कर महंगा बेच रहे राशन**–बता दे की शहर के फुटकर व्यापारी बीपीएल कोटे का चावल सस्ते दामों में खरीद कर उसे 20 से 25 रुपए में बेच रहे हैं।



### बीपीएल परिवार के राशन की अधिक कालाबाजारी

योजना के तहत करीब हजारों बीपीएल परिवारों को भी जोडा गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय परिवार तो राशन ले जाते हैं, लेकिन कई बीपीएल परिवार राशन लेने के लिए नहीं पहुंचते। ऐसी स्थिति में राशन सामग्रियों की कालाबाजारी जमकर हो रही है। शहर में इसकी सबसे ज्यादा शिकायतें शहर के वार्ड स्थित राशन दुकानों से मिल रही है। गौरतलब है कि गरीबों को सस्ता राशन उपलब्ध कराने के लिए शासन की ओर से राष्ट्रीय खाद्यान्ना योजना शुरू की गई है। इसके तहत बीपीएल श्रेणी के पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को अलग अलग योजना के तहत निःशुल्क गेंहू चावल, शक्कर और प्रदान किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीबों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। जानकारी के अनुसार बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रति सदस्य 5 किलो के मान से गेहूं चावल, शक्कर प्रदान किया जा रहा है। अंत्योदय राशन कार्डधारी सदस्य को 35 किलो गेहूं, चावल, 1 किग्रा शक्कर प्रदान किया जाता है, लेकिन उनके हिस्से का अधिकांश राशन की कालाबाजारी हो रही है।

जानकारी मिली है कि अधिकांश राशन दुकानों से बीपीएल, खाद्यन्न पचीर्धारी चावल नहीं ले जाते। वे राशन दुकानों में आते हैं और फिंगर प्रिंट देने के बाद 18 रुपए की दर से चावल का पैसा ले लेते हैं। बाद में इसे दलाल के माध्यम से राशन मिलों में अधिक दामों में बेच दिया जाता है।

**रात के अंधेरे ने निकालते है गाड़ी**– सूत्रों की माने तो सफेद चावल के इस काले कारोबार में शहर के कृषि उपज मंडी के समीप ही छोटे दुकानदार हजारों क्विंटल की मात्रा में पीडीएस चावल खरीद कर रात के अंधेरे में अकोदिया नाका सहित अनेक स्थानों से गाडियां भरकर शुजालपुर प्लांट, पचोर, बडोदिया, निकाल रहे है। ऐसा नही है की इस बात की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को नही है, बल्कि ये सब इनकी मिलीभगत से हो रहा है

### अधिकांश दुकानों में नहीं लगे कैमरे

खाद्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक शहर के संचालित राशन दुकानों में सीसी टीवी कैमरा लगाने का काम राज्य स्तर पर किया जा रहा हैं, लेकिन अभी तक किसी भी राशन दुकानों पर कैमरे लगे नही दिखाई दिए है। ज्ञात हो कि वार्ड पार्षद, सरपंचों द्वारा समय-समय पर दुकानों में पहुंचकर स्टॉक मिलान, रजिस्टर आदि की पडताल किया जाना है, लेकिन निगरानी नहीं हो पा रही। शायद यह भी एक वजह है कि खाद्य सामग्री की कालाबाजारी को बढावा मिला है।

### व्यापारियों के गोडाउन पर पड़ना चाहिए छापा

नाम न छापने की शर्त पर बीपीएल कार्डधारियों ने बताया कि कृषि उपज मंडी, कॉन्वेंट स्कूल के समीप कई फ्रूटकर व्यापारी पीडीएस गेहूं, चावल सस्ते दामों ने खरीदने का कारोबार करते है, अगर स्थानीय अधिकारी माह के 5 से 20 तारीख के बीच इनके घरों के अंदर बने गोडाउन पर छापामार कार्रवाई करें तो हजारों क्वंटल पीडीएस राशन जप्त किया जा सकता है। वही पुलिस को भी रात्रि गश्त के दौरान यहां से निकलने वाले वाले लोडिंग वाहनों की चेकिंग कर जांच पडताल करना चाहिए।

### करेंगे कार्रवाई

खाद्य विभाग के अधिकारी को बोलकर दिखावा लेता हूं। पीडीएस चावल की कालाबाजारी हो रही है तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

**-रोहित बम्होर**, एसडीएम, सारंगपुर।

# 3.75 लाख की चोरी गई 8 बाइक बरामद

## नरसिंहगढ़ पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता



**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में आखिरकार बाइक चोरों के एक गिरोह को पकड़ने में पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है नरसिंहगढ़ की पुलिस टीम ने चोरी हो रही मोटरसाइकिल का सुराग लगाना प्रारंभ किया ही था की पुलिस टीम को एक बड़ी मुखबिरी हाथ लगी।

फरियादी की सूचना पर थाना नरसिंहगढ़ में केस दर्ज कर मामला जांच में लिया। चोरी की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी (नरसिंहगढ़ अनुभाग) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक एस.एस. चौहान के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने शांतिधाम मार्ग से आरोपियों को चोरी की हुई स्कूटी के साथ पकड़ा और चोरी गई मोटर सायकलों को शीघ्र बरामद किया, जिससे चोरियों का पर्दाफाश हुआ। विवेचना के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ शिवराज सिंह चौहान द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल संज्ञान लिया गया और आरोपी की धरपकड़ के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। 22 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की गई स्कूटी लेकर तीन व्यक्ति शांतिधाम मार्ग से आ रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर वाहन चेकिंग लगायी तीनों व्यक्तियों को घेराबंदी करके पकड़ा। पूछताछ में आरोपीयो ने बताया कि उन्होंने गांव सलाय में घर के अंदर से स्कूटी एमपी 39 जेडी 2060 चोरी की थी। गिरफ्तार आरोपी शैतान पिता श्यामलाल विश्वकर्मा उम्र 23 साल निवासी बनियाटोडी थाना मकसूदनगढ़ जिला गुना, पहलवान पिता रामनाथ सिंह उम्र 22 साल निवासी मउ थाना मकसूदनगढ जिला गुना, अरूण भील पिता सूरज सिंह भील उम्र 22 साल निवासी जामुनकापुरा थाना मलावर जिला राजगढ

आरोपी गणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है एवं पुलिस रिमांड प्राप्त करने हेतु निवेदन किया गया है आरोपी गणों से और भी कई मामलों के खुलासा होने की संभावना है।

# पद्धति नहीं सुधारी तो 2040 तक देश की आबादी के 30% लोग होंगे कैंसर पीड़ित




**गुड इवनिंग, खातेगांव**

आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी फसलों में कीटो को नियंत्रण करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाईयां उपयोग कर रहे हैं, अगर इस पद्धति को नही सुधरा गया तो 2040 तक देश की आबादी के 30% लोग कैंसर पीड़ित हो जाएंगे।

यह बात कृषि वैज्ञानिक एवं समाजसेवी सुनील मीणा ने कहीं आप शिवशक्ति वायो ग्रुप के माध्यम से गांव गांव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन कर रहे है।आपने ग्राम चिचली व खातेगांव में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कृषि अधिकारी विकास नागर ने किसान बंधुओ को बताया जो कि अपनी परम्परागत खेती से भटक कर रसायनिक खाद एवं उर्वक की ओर चले गये है। उसकी जानकारी दे कर बताया जा रहा है कि जैविक खेती में ही किसान बंधुओ का भविष्य सुरक्षित है। तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधारते है जैविक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से भूमि की उर्वक शक्ति बढती है और किसान मित्र कीटों एवं जीवाणुओं की संख्या बढती है जो कि भूमि के लिये अति आवश्यक है।

आज के समय मे बढते रासायनिक खाद एवं कीट नाशकों के प्रयोग से भूमि की स्थिति खराब होती जा रही है जमीन में कारवन की न्यूनतम मात्रा 0.9% आवश्यक होती है , मिट्टी के 31 हजार सैंपलों में से 29 हजार में कार्बन की मात्रा 0.6 - 0.7 आई है, रासायनिक खादों का प्रयोग करके फसलों पर तो दुष्प्रभाव पड़ ही रहा है। साथ मानव जीवन के लिए बहुत हानिकारक सावित हो रहा है।

# सारंगपुरः तापमान 42 डिग्री पार



**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

सारंगपुर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। रात का तापमान भी 26 डिग्री तक पहुंच गया है। बढते तापमान का असर लोगों की सेहत पर दिखने लगा है। सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या बढकर 600 पार तक पहुंच गई है। स्कूल खुले होने से बच्चों को दोपहर में घर लौटने में परेशानी हो रही है। गर्मी का असर सडकों पर साफ दिखाई दे रहा है। दोपहर में सडकों पर आवाजाही काफी कम हो गई है।

**डॉक्टरों ने दी लू बचाने की सलाह**–सिविल अस्पताल के सिविल अधीक्षक डा. मनीष चौहान ने बताया कि सिर दर्द, मुंह का सूखना, अधिक पसीना आना, शरीर में पानी की कमी, आंखों में जलन और पेशाब में जलन लू के लक्षण हैं। अगर त्वचा में लाल चकत्ते, मतली, उल्टी या मांसपेशियों में कमजोरी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**गर्मी में बाहर जाते समय यह सावधानियां रखें**–विशेषज्ञों ने गर्मी से बचाव के लिए कुछ सावधानियां बताई हैं। बाहर जाते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें।

# पहलगाम हिंसा के विरोध में मुस्लिमों ने किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

पहलगाम में हुई हिंसा को लेकर मुस्लिम संगठन सडक पर उतर आए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इन आतंकियों को पकडकर मौत की सजा दी जाए। जामा मस्जिद चौक पर मुस्लिमजनों ने पहलगाम हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया। पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकियों को मौत की सजा दो जैसे नारे लगाए। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद अंजुमन इस्लाम कमेटी शाही जामा मस्जिद सारंगपुर द्वारा सदर एमए अलीम बाबा कुरैशी के नेतृत्व में आतंकियों का पुतला फूंका गया और उसके बाद राष्ट्रपति के नाम एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन दिया गया।

शाही जामा मस्जिद इमाम मौलाना कारी अब्दुल रशीद साहब ने कहा कि कहा कि इस्लाम को बदनाम करने के लिए आतंकियों ने पहलगाम में 28 निर्दोष और निहत्थे लोगों की जान ली है। यह कायराना हरकत है। अल्लाहताला उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। इन्हें खुदा के सामने जवाब देना है। आतंकवाद को किसी धर्म से नहीं जोडा जा सकता। पाकिस्तान में बैठे आतंकवाद के आकाओं पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। अंजुमन कमेटी सदर एमए अलीम बाबा कुरैशी ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, एकजुटता का है। मृतको के परिवारों को पूरा मुआवजा और सरकारी सहायता दी जाए। साथ ही दोषियों को ऐसी सजा मिले जिससे ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। यह हमला बेहद निंदनीय है। हमारी सेना को खुली छूट मिलनी चाहिए। आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा जाए, ताकि एक भी न बचे। सदर श्रीकुरैशी ने आतंकवाद की तुलना महामारी से की और कहा कि यह मानवता पर हमला है। इसे जड से खत्म करना होगा। सरकार को इस पर अब बेहद सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अंजुमन सेकेट्री डा. रफीक शेख ने कहा कि यह धार्मिक नहीं, मानवता पर हमला है। हम मांग करते हैं कि सरकार दोषियों को ऐसी सजा दे कि दोबारा कोई ऐसा कृत्य न कर सके। पूर्व सेकेट्री निजाम कुरैशी ने कहा कि देश की एकता तोडने वालों को न बख्शा जाए। आतंक चाहे सीमा पार से हो या भीतर से, ऐसी मानसिकता को कुचलना जरूरी है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**गुड इवनिंग, खातेगांव**

इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे पर दुलवा फांटा के पास शुक्रवार सुबह एक निजी यात्री बस ने बाइक से जा रहे 55 वर्षीय किसान को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मालसगोदा निवासी मांगीलाल एक कार्यक्रम में शामिल होने हरदा के बिछोला जा रहे थे। घटना के नाराज ग्रामीणों एवं परिजनों में मृतक किसान मांगीलाल के शव को सड़क पर रख कर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया । सूचना मिलते ही

नेमावर टीआई मनोज कुमार सिंह, एसडीओपी आदित्य तिवारी, एसडीएम प्रवीण प्रजापति, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हरदा से इंदौर जा रही यादव बस जबकी ,मांगीलाल अपनी बाइक से लवरास होते हुए अंडरपास से हाइवे पर आए और बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पास ही के गांव में मांगीलाल की ससुराल होने से रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। और उन्होंने हाईवे को जाम कर दिया मौके पर पहुंचे।

**आश्वासन के बाद माने ग्रामीणः** एसडीम प्रवीण प्रजापति ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए बताया की देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने रेडक्रॉस से एक लाख रुपए देने की स्वीकृति दी है। साथ ही हाईवे निर्माणकर्ता कंपनी की ओर से दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन भी दिया गया है। साथ ही बस चालक के खिलाफ नेमावर में एफआईआर कराई जा रही है। इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खोला और शव को पोस्टमार्टम के लिए खातेगांव के शासकीय अस्पताल में भिजवाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे का निर्माण का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है।

## बुजुर्ग महिला का कान काटकर निकाली थीं झुमकियां

# सारंगपुर पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

*सारंगपुर शहर में घर में घुसकर बुजुर्ग महिला का एक कान काटकर एवं गला घोंटकर हत्या कर सोने की झुमकियां चुराने के मामले में पुलिस ने घटना में लिप्त आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। दरअसल 18-19 अप्रैल की दरमियानी रात्रि में सिविल जज जूनियर डिवीजन शिवानी राठौर की नानी एवं तीन बेटो की बुजुर्ग मां जब घर में अकेली थी तब बदमाशों ने घटना का अंजमा दिया था।*

घटना की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन राजगढ़ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों एवं अन्य टीमों को मामले की



जांच के लिए आदेशित किया। उन्होंने करीब एक घंटा घटना स्थल पर रहकर सुराग की तलाश की गई। वही दूसरे दिन डीआइजी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने भी घटना स्थल का मुआयना कर अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए। पुलिस ने पछेटवाडी मोहल्ले में घटित सावित्री बाई राठौर (75) के हत्यारों को तलाशना शुरू किया।

थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने बताया कि हमने 19 अप्रैल को फरियादी भवानी शंकर राठौर पिता स्वं. भगवानदास की शिकायत पर थाना सारंगपुर के अपराध क्र 168/25 धारा 103 (1), बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा व एसडीओपी सारंगपुर अरविंद्र सिह के मार्गदर्शन में आरोपितो की तलाश जारी की गई। विवेचना के आरोपितो की तलाश हेतु टीम का गठन किया गया व घटना घटित होने वाले रास्ते व कस्बा सारंगपुर व आसपास के क्षेत्रो की कैमरे के वीडियो फुटेज देखे गये, जिनको एकत्रित कर आरोपितो की तलाश की गई। सायबर सेल राजगढ से संदेही व संधिग्ध आरोपितो की सीडीआर प्राप्त की गई, जिसका अवोलकन किया गया, सायबर टीम की मदद गई। थाना प्रभारी हाड़ा ने बताया कि तलाश के दौरान 23 अप्रैल को मुखबिर सूचना मिली कि एक ब्यक्ति एक कान टॉप्स बेचने की फिराक में है। मुखबिर सूचना पर कुलदीप पिता बद्रीप्रसाद गोस्वामी उम्र 48 वर्ष निवासी आदर्श नगर सारंगपुर से कान के टॉप्स के सबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ में में गोस्वामी ने बताया कि मुझे दीपक पिता मनोहरलाल सोनी निवासी सारंगपुर द्वारा बेचने के लिये दिया है। आरोपित कुलदीप को गिरफ्तार कर मृतक सावित्री बाई का कान का टाप्स जप्त किया गया है एवं दीपक सोनी पिता मनोहर सोनी को गिरफ्त में लिया गया है। प्रकरण विवेचना में है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी थाना सारंगपुर निरी. आकाक्षा हाड़ा, थाना नरसिंहगढ निरी शिवराज सिंह चौहान, थाना प्रभारी लीमाचौहान उनि अनिल राघौरिया व सायबर टीम सहित उनि अभय सिह, उनि गोटीसिंह परस्ते, उनि विकास राठौर, उनि प्यारेलाल ठाकरे, सउनि आनंदीलाल, प्रआर कमल सिंह, नवीन राजपूत, सतीश परमार, श्याम सिंह, आरक्षक सतेन्द्र की अहम भूमिका रही।

### 2000 लोगों से पूछताछ हुई, कई लोगों को हिरासत में लिया गया

# बदला शुरू : आतंकियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ एक्शन, बम से उड़ाए

जम्मू, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से घाटी मे सेना का एक्शन जारी है। शुक्रवार को 4 आतंकियों के घर धमाके कर ध्वस्त किए गए। नरसंहार के बाद अब भारत ने बड़ा जवाब देना शुरू कर दिया है। हमले के पीछे शामिल आतंकियों को सबक सिखाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने तेज और टारगेटेड कार्रवाई का मोर्चा संभाल लिया है। इस दौरान चार आतंकियों के घर ध्वस्त कर दिए गए।

**एनआईए की तफ्तीश और सेना का अभियान :** हमले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जांच अपने हाथ में ले ली है। साथ ही भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त बल पूरे क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। माना जा रहा है कि आतंकी अभी भी आसपास के जंगलों में छिपे हुए हैं। अब तक करीब 2000 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है और कई को हिरासत में लिया गया है।





**बैसरन घाटी में मारा धर्म पूछकर मारी थी गोली :** इस दर्दनाक हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हुई थी। चश्मदीदों के मुताबिक, आतंकियों ने यात्रियों से धर्म पूछकर गोलियां चलाईं। अधिकतर मृतक हिंदू समुदाय से थे। अनंतनाग निवासी आदिल शाह एकमात्र मुस्लिम था जिसकी इस हमले में जान गई।

**आतंक का वीडियो हुआ था वायरल :** हमले के तुरंत बाद एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दो आतंकी, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आसिफ और आदिल, हथियारों से लैस नजर आ रहे थे। यही दोनों अब सुरक्षाबलों के रडार पर हैं। इनके खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई जारी है।

### इनके घर इस तरह ध्वस्त किए

1. त्राल में आतंकी आसिफ शेख का घर ब्लास्ट से उड़ाया।
2. अनंतनाग में आदिल ठोकेर का घर में ब्लास्ट किया गया।
3. पुलवामा के मुर्रान में जैश-ए-मोहम्मद के एक्टिव आतंकी अहसान उल हक का घर भी बम से उड़ा दिया गया। हक ने 2018 में पाकिस्तान जाकर ट्रेनिंग ली थी।
4. पुलवामा के ही काचीपोरा इलाके में एलईटी आतंकी हारिस अहमद का घर बुलडोजर से ध्वस्त किया गया।

## पाक के डिप्टी पीएम ने पहलगाम हमले के आतंकियों को बताया स्वतंत्रता सेनानी

इस्लामाबाद, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 निहत्थे पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पूरी दुनिया इस हमले की कड़ी निंदा कर रही है और आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग कर रही है। इसी बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री ईशाक डार ने इस घटना पर बेहद चौंकाने वाला और आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने इन आतंकियों को स्वतंत्रता सेनानी बताया और उनके कृत्य को सही ठहराने की कोशिश की।



**ये आजादी के लिए लड़ने वाले हो सकते हैं... :** डार ने यह बयान इस्लामाबाद में दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले लोग आजादी के लिए लड़ने वाले हो सकते हैं। इसके एक दिन पहले भारत ने पहलगाम हमले को पाकिस्तान को जोड़ते हुए इस्लामाबाद के खिलाफ कई जवाबी कदम उठाए थे। इसमें सबसे बड़ा कदम 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना और पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करना था। भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंक को समर्थन देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक की और कुछ फैसले लिए। भारत से व्यापार पर रोक लगा दी और वाघा बॉर्डर बंद करने का निर्णय लिया। भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद कर दिया गया।

## दिल्ली-मेरठ हाई-वे पर रुके बगैर कटेगा टोल

### लाइन लगने से रोकना, टोल कलेक्शन और सुविधाजनक बनाना

मेरठ, एजेंसी

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे देश का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है, जहां वाहन बिना रुके ही टोल चुकता करेंगे। इस नई व्यवस्था से सफर करने वाले वाहनों को टोल बूथ पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी। एक्सप्रेसवे पर एक नया एडवांस टोल कलेक्शन सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसका मकसद टोल पर लगने वाली लंबी लाइनों को कम करना और टोल कलेक्शन प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाना है। इस नई प्रणाली की शुरूआत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर की जा रही है और जल्द ही इसे पूरे देश के टोल पर लागू करने की योजना है।


**नया टोल कलेक्शन सिस्टम :** इस नए टोल कलेक्शन सिस्टम को एएनपीआर कहा जाएगा। इस सिस्टम का मुख्य कार्य वाहन की नंबर प्लेट को कैप्चर करके टोल कलेक्शन करना होगा। एएनपीआर सिस्टम के तहत, टोल बूथ पर दोनों ओर हाई रिजॉल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे, जो वाहन की नंबर प्लेट को रिकॉर्ड करेंगे। इसके बाद, वाहन का टोल सीधे फास्टैग अकाउंट से कट जाएगा। इसका मतलब यह है कि अब वाहनों को टोल पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी और टोल की प्रक्रिया पूरी तरह से स्वचालित हो जाएगी। हालांकि, यह प्रणाली फास्टैग के साथ काम करेगी, इसलिए फास्टैग का उपयोग जारी रहेगा, लेकिन वाहन को टोल पर रुककर फास्टैग दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



**जीपीएस तकनीक फिलहाल लागू नहीं होगी :** इस नए सिस्टम की वजह से टोल पर वाहनों को रुकने का समय कम होने की उम्मीद है, लेकिन मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल जीपीएस आधारित टोल कलेक्शन प्रणाली को लागू नहीं किया जाएगा। जीपीए तकनीक को लेकर कुछ सुरक्षा और विश्वसनीयता की चिंताएं थीं, जिसके कारण इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एक विशेषज्ञ समिति ने इस तकनीक से जुड़े संभावित समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त की थी, जिसके बाद मंत्रालय को वैकल्पिक उपायों पर विचार करना पड़ा।

**देशभर में लागू होगा एएनपीआर सिस्टम :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एएनपीआर टोल कलेक्शन सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है और अब मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि इसे पूरे देश के एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू किया जाएगा। इस प्रणाली के लागू होने से टोल बैरियर को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे ड्राइवरों को टोल बूथ पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी।

## समंदर में गिरा विमान, सभी यात्रियों की मौत



**बैंकाक।** थाईलैंड के प्राचुआब किरी खान प्रांत में एक बड़ा विमान हादसा हुआ है, जिसमें पुलिस अधिकारियों से भरा एक छोटा विमान समंदर में गिर गया। हादसे में विमान में सवार पांच पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई है। यह हादसा हुआ हिन जिले के पास हुआ, जहां विमान पैराशूट प्रशिक्षण की तैयारी के लिए परीक्षण उड़ान पर था। रॉयल थाई पुलिस के प्रवक्ता अचायीन क्रेथोंग ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान वाइकिंग डीएचसी-6 ट्विन ओटर था। हवाई अड्डे से कुछ ही दूर हुई यह दुर्घटना, थाईलैंड की पुलिस के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे। स्थानीय जनसंपर्क विभाग के मुताबिक, पांच अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य अधिकारी गंभीर हालत में अस्पताल में है। फिलहाल, दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है, और अधिकारियों ने विमान के ब्लैक बॉक्स से डाटा इकट्ठा करना शुरू कर दिया है।

# बिजनेस

## सैमसंग ने तमिलनाडु में किया बड़ा निवेश, नई नौकरियां पैदा होंगी




चेन्नई, एजेंसी

दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर स्थित अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में 1,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश करेगी। राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने इस बात की जानकारी दी और कहा कि यह निवेश तमिलनाडु की श्रम शक्ति में कंपनी के भरोसे को दशार्ता है। इस निवेश के साथ 100 नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब फरवरी 2025 में इसी प्लांट में कर्मचारी विरोध और सिट-इन प्रोटेस्ट देखने को मिला था। पिछले साल सितंबर में भी सैकड़ों श्रमिकों ने वेतन वृद्धि और यूनियन मान्यता की मांग को लेकर पांच हफ्तों तक हड़ताल की थी। सैमसंग प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच इन विवादों को लेकर टकराव जारी रहा है। कंपनी पर यूनियन-विरोधी रवैये के आरोप लगे, जिनसे उसने इनकार किया और कहा कि वह सभी लागू कानूनों का पालन करती है।

**सरकार का स्वागत :** मंत्री टीआरबी राजा ने लिखा, यह निवेश राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। सरकार ने इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे राज्य में और विदेशी निवेश आकर्षित होंगे।

## वीवो के नए धमाकेदार फोन में हैं दमदार फीचर्स

**नई दिल्ली।** वीवो कंपनी जल्द ही भारत में अपना एक नया स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसका नाम वीवो एक्स-220 एफई हो सकता है। माना जा रहा है कि यह फोन चीन में पहले से मौजूद वीवो एस-30 प्रो मिनी का ही बदला हुआ रूप होगा। पहले खबरें थीं कि कंपनी भारत में वीवो एक्स-220 प्रो मिनी लाएगी, लेकिन अब योजना बदल गई है और एक्स 200 एफई लॉन्च किया जा सकता है। उम्मीद है कि यह नया फोन जून के अंत या जुलाई की शुरूआत तक भारत में आ जाएगा, हालांकि इसकी तारीख में बदलाव भी हो सकता है। वीवो एक्स-220 एफई के कुछ फीचर्स लीक हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस फोन में 6.31 इंच का एलटीपीओ ओएलईडी डिस्प्ले होगा, जिसका रेजोल्यूशन 1.5 के और रिफ्रेश रेट 120 एचजेड होगा। यह डिस्प्ले बहुत ही शानदार और स्मूथ अनुभव देगा। पहले वीवो एक्स-220 प्रो मिनी में तीन कैमरे थे, लेकिन एक-200 एफई में दो ही कैमरे हो सकते हैं। दोनों ही कैमरे 50 एमपी के होंगे।

# कैलिफोर्निया बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

### जीडीपी 4.1 ट्रिलियन डॉलर हो गई, अमेरिका, चीन, जर्मनी के बाद चौथा स्थान

कैलिफोर्निया, एजेंसी

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए, कैलिफोर्निया ने जापान को पीछे छोड़ते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया है। अब कैलिफोर्निया की जीडीपी 4.1 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो इसे अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद चौथे स्थान पर लाती है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और यूएस ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक एनालिसिस द्वारा हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, कैलिफोर्निया ने इस नई आर्थिक ऊंचाई को छुआ है। कैलिफोर्निया की आर्थिक सफलता एक उदाहरण है कि कैसे प्रौद्योगिकी, सस्टेनेबिलिटी, और नीति सुधारों से राज्य अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है।

**कैलिफोर्निया का विकास और उसका श्रेय :** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए राज्य की इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, और प्रगतिशील नीतियों को इसका श्रेय दिया है। न्यूजोम ने कहा कि यह उपलब्धि कैलिफोर्निया की विविध अर्थव्यवस्था और लोगों के लिए केंद्रित नीतियों में निवेश का परिणाम है। उन्होंने राज्य की प्रगति को लेकर गर्व व्यक्त किया और बताया कि राज्य के विकास ने विश्वस्तरीय आर्थिक संकटों के बावजूद लगातार बढ़ोतरी दर बनाए रखी है।



**आर्थिक वृद्धि की दर :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और यूएस ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक एनालिसिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में कैलिफोर्निया की अर्थव्यवस्था 6 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह अमेरिका (5.3 प्रतिशत), चीन (2.6 प्रतिशत), और जर्मनी (2.9 प्रतिशत) जैसी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं से भी तेज वृद्धि रही। पिछले चार वर्षों में कैलिफोर्निया ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अपनी जीडीपी को 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ाया है, जो इसकी स्थिरता और मजबूती को दशार्ता है।

**गवर्नर न्यूजोम का भविष्य को लेकर संदेश :** कैलिफोर्निया की वृद्धि को लेकर गेविन न्यूजोम ने राज्य की सफलता की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्होंने व्यापार नीतियों और टैरिफ जैसे बाहरी कारकों को लेकर चिंता भी जताई। उनका मानना है कि ये कारक कैलिफोर्निया की भविष्य की आर्थिक दिशा और विकास को प्रभावित कर सकते हैं, और इसके लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने की जरूरत है।

**भारत और कैलिफोर्निया के बीच की दूरी :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत 2026 तक कैलिफोर्निया की जीडीपी को पार करने की संभावना रखता है। भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अनुमान के अनुसार, 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, और 2026-27 तक यह दर 6.2 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि, विश्व बैंक के अनुसार, यह वृद्धि दर जनवरी 2025 के डब्ल्यूईओ अपडेट से 0.3 प्रतिशत कम है।

**कैलिफोर्निया की अर्थव्यवस्था का आधार :** कैलिफोर्निया की अर्थव्यवस्था विभिन्न उद्योगों द्वारा संचालित है, जिनमें प्रमुख रूप से प्रौद्योगिकी, एंटरटेनमेंट, कृषि, और हरित ऊर्जा शामिल हैं। कैलिफोर्निया के टेक उद्योग की वैश्विक सफलता, जैसे सिलिकॉन वैली में स्थित कंपनियां, राज्य की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दे रही हैं। इसके अलावा, राज्य की कृषि और हरित ऊर्जा पहल भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## रुपए ने पकड़ी रफ्तार, डॉलर के मुकाबले 25 पैसे हुआ मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में 25 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.08 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी प्रवाह से इसे बल मिला। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते से भारत की रणनीतिक बढ़त और बढ़ेगी।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.17 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 85.19 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर आ गया। हालांकि फिर वापसी करता हुआ 85.08 प्रति डॉलर पर कारोबार करने लगा जो पिछले बंद भाव से 25 पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.33 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.75 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत चढ़कर 66.91 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 8,250.53 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।




**रुपए मजबूत होने से यह होगा फायदा :** रुपए में मजबूती से भारत को आयात बिल कम होगा। रुपया मजबूत होने से पेट्रोल, डीजल, गैस जैसे ईंधन सस्ते हो सकते हैं। मोबाइल, लैपटॉप, गाड़ियां और दूसरी विदेशी चीजों की कीमत कम होंगी। कुल मिलाकर महंगाई में कमी आएगी। सरकार और कंपनियों को अगर विदेशी मुद्रा में लोन लेना या चुकाना हो, तो मजबूत रुपया इस बोझ को हल्का करता है। विदेश घूमना और विदेशों में पढ़ाई करने वाले छात्रों का खर्च कम होगा। निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ेगा।

## भारत की देसी शराब की दुनिया में बढ़ी मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में तैयार की जाने वाली मादक पेयों की वैश्विक स्तर पर मांग तेजी से बढ़ रही है। एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव ने बताया कि भारतीय जिन, बीयर, वाइन और रम जैसे उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी संभावनाएं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत का मादक पेय निर्यात, जो फिलहाल 37.05 करोड़ डॉलर है, वर्ष 2030 तक बढ़कर 1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।



भारतीय मादक पेय कंपनियों के परिसंघ द्वारा आयोजित एल्कोबेव इंडिया 2025 सम्मेलन में यह जानकारी दी गई। बताया कि निर्यात की अपार संभावनाएं हैं और हमारे पास कई अच्छे उत्पाद ड्डविभिन्न प्रकार के जिन, बीयर, वाइन और रम है। उद्योग को चाहिए कि वह सिर्फ घरेलू बाजार पर निर्भर न रहकर वैश्विक बाजारों में भी सक्रिय रूप से विस्तार करे। भारत जैविक उत्पादों के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ एक पारस्परिक मान्यता समझौते को अंतिम रूप देने के करीब है, जिसमें जैविक वाइन भी शामिल होगी। सम्मेलन में खाद्य प्रसंस्करण सचिव सुब्रत गुप्ता ने कहा कि भारत कृषि उत्पादन में अग्रणी होते हुए भी खाद्य प्रसंस्करण में पीछे है।

# पाकिस्तान हॉकी टीम पर गिरेगी गाज!

मुंबई, एजेंसी

एशिया कप दौरा खतरे में



पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद बढ़ते तनाव के मद्देनजर इस साल के अंत में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा संदेह के घेरे में है।

भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। पाकिस्तान 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप का हिस्सा है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारे हॉकी इंडिया के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन टीम के दौरे के बारे में यह सरकार-से-सरकार का मामला है। हम अपनी सरकार से अनुरोध करेंगे, और अगर वे अनुमति देते हैं तो हम भाग लेंगे, लेकिन अगर वे हमारे अनुरोध को अस्वीकार करते हैं तो कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, आप हाल की स्थिति से अवगत हैं। भारत सरकार ने भारत में सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए हैं, फिर ऐसी स्थिति में हमारी टीम भारत का दौरा कैसे कर पाएगी? मुजाहिद ने कहा, सब कुछ अलग रखते हुए, हम अपनी सरकार से दौरे के बारे में पूछेंगे।

इस बीच उनके भारतीय समकक्ष, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया कि उनका महासंघ अनुमति के लिए सरकार से संपर्क करने से पहले स्थिति का इंतजार करेगा और देखेगा। उन्होंने कहा, हमने टूनार्मेंट पर कोई चर्चा नहीं की है। हम इंतजार करेंगे कि हमारी सरकार इस पर क्या कहती है। उचित समय पर फैसला लेंगे। एशिया कप सभी टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, जिसकी संयुक्त मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। 2014 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से पाकिस्तान की हॉकी टीमें तीन मौकों पर एफआईएच स्तरीय आयोजनों के लिए भारत आ चुकी हैं। 2016 में लखनऊ में जूनियर पुरुष विश्व कप, 2018 में हॉकी विश्व कप और 2021 में जूनियर विश्व कप दोनों भुवनेश्वर में आयोजित किए गए थे।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान, पांच नए खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी



हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा। वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है।

अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी।

नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हमने संतुलित टीम का चयन किया है जो अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और सीनियर शिविर में अपना कौशल दिखाया है।

# धोनी का 400वां मैच भी जीत नहीं पाई चेन्नई

चेन्नई, एजेंसी

घरेलू मैदान एमए चिंदबरम स्टेडियम में 400वां टी20 मुकाबला खेलने उतरे महेंद्र सिंह धोनी जीत के साथ इस उपलब्धि को यादगार नहीं बना पाए। हैदराबाद ने मुकाबले में 5 विकेट से जीत हासिल की जो कि सीजन की उनकी मात्र तीसरी ही जीत है। वहीं चेन्नई 7 हार के बाद प्लेआफ की रेस से लगभग बाहर हो गई है। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। चेन्नई के लिए आयुष म्हात्रे ने 30, डेवाल्ड ब्रेविस ने 42 रन बनाकर स्कोर 154 तक पहुंचाया। जवाब में अभिषेक, ट्रेविस, क्लासेन के विफल होने के बाद ईशान किशन (44) ने टीम को सहयोग दिया। मध्यक्रम में कामिंदु मेंडिस और नीतीश कुमार रेड्डी ने शानदार प्रदर्शन किया और हैदराबाद की जीत की राह को आसान कर दिया। हैदराबाद ने पहली बार चेन्नई को उनके घर पर हराया है।

**हैदराबाद 8वें स्थान पर :** हैदराबाद ने आखिरकार दो हार के बाद जीत का स्वाद चखा। सीजन की शुरूआत राजस्थान को 44 रन से हराकर करने वाली हैदराबाद ने इसके बाद लगातार चार मैच गंवाए थे। पंजाब के खिलाफ जीत के बाद मुंबई से लगातार दो मैच गंवाने के बाद उन्होंने अब चेन्नई पर जीत हासिल की है। हैदराबाद इस जीत के साथ ही 8वें स्थान पर आ गई है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स अपनी 7वीं हार के साथ प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गई है। चेन्नई ने इस सीजन में सिर्फ मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स को ही हराया है। उन्हें आरसीबी, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, कोलकाता, मुंबई और अब हैदराबाद से हार झेलनी पड़ी है।



## एसएस कम्यून की शानदार जीत



इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में श्रीराम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित सतीशचन्द्र गोठी स्मृति अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा में एसएस कम्यून ने विजय क्लब को 65 रनों से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। अर्जुन मेहर ने 50 रनों का योगदान दिया। वंश तंवर एवं नक्ष पाल ने 3-3 विकेट तथा धैर्यांष अत्रे ने 2 विकेट लिए। जवाब में विजय क्लब की टीम 41 ओवर में 98 रन पर सिमट गई और यह मैच 65 रनों के अंतर से हार गई। कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय स्त्र१ि- रॅल्ल नहीं कर सका। अर्जुन मेहर ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। अंश सिंह, शौर्य मदान और विहान श्रीवाण्डे ने 2-2 विकेट लिए।

## ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू



इंदौर। हर वर्ष की तरह स्थानीय नेहरू स्टेडियम फुटबॉल मैदान पर स्पोर्टिंग यूनियन फुटबॉल क्लब द्वारा ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में एनआईएस ?प्रशिक्षक एवं ? एआईएफ एफएफ प्रशिक्षित प्रशिक्षण का कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार को शिविर का उद्घाटन किया नेवी से रिटायर्ड ऑफिसर नंदलाल परदेसी के आथित्य में किया गया। शिविर में खिलाड़ियों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर रमन वर्मा, संदीप गौड़, संजय मेहरा मौजूद थे।

## ऋषव एवं खुशवी ने जीता एकल खिताब



इंदौर। मध्य प्रदेश के ऋषव रावल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश टेनिस संघ द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित क्वींस कॉलेज ऑल इंडिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस प्रतियोगिता का ब्लाक 14 वर्ष आयु

वर्ग में खिताबी जीत हासिल की। बालिका एकल वर्ग का खिताब राजस्थान की खुषवी पड़ीयार ने जीता।

**बालक 14 वर्ष आयु वर्ग के एकल फाइनल में :** ऋषव रावल (म.प्र.) ने हितार्थ सुराना (म.प्र.) को 6-2, 6-4 से हराया। बालिका वर्ग के एकल फाइनल में खुशवी पड़ीयार (राजस्थान) ने अहाना फलजले (म.प्र.) को 3-6, 6-1, 6-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

बालक 14 वर्ष आयु युगल फाइनल में ऋषव रावल-हितार्थ सुराना ने मानवेन्द्र त्रिवेदी-शिवांष अग्रवाल को 6-0, 6-0 से तथा बालिका वर्ग में

आन्या फलजले- मनुस्मृति सिंह ने आयरा लोधी-आन्या फलजले को 6-0, 6-2 से मात देकर खिताब जीता। स्पर्धा का समापन अनिल धूपर, महासचिव, ऑल इंडिया टेनिस संघ के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर कोच इरफान अहमद भी मौजूद थे।

## ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर आज से

इंदौर। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित 44वां ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हाल में आज से प्रारंभ हो रहा है और 16 मई तक चलेगा। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आरपी सिंह नैयर ने बताया कि शिविर सुबह और शाम दो सत्रों में लगेगा। शिविर में सुधांशु व्यास, मनीष त्रिवेदी और रूबी नैयर प्रशिक्षण देंगे। शिविर में हिस्सा लेने के लिए नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हाल एवं कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। शिविर के अंत में शिविरार्थियों के लिए बैडमिंटन स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन यह शिविर प्रतिवर्ष आयोजित करता है।

संपादकीय

## पाकिस्तान पर शिकंजा कसे भारत



**पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारत ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल समझौते को निलंबित करना। उरी में आतंकी हमले के बाद भारतीय पीएम ने कहा था कि सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते। इस बार सरकार इसी पर आगे बढ़ी है। हालांकि इतना काफी नहीं है। पुलवामा और पहलगाम जैसी घटनाओं से बचने के लिए ज्यादा निर्णायक और सटीक कदम उठाने की जरूरत है।**

**टेरर फंडिंग:** भारत ने पुलवामा का जवाब बालाकोट से दिया था। वह अप्रत्याशित और साहसिक कदम था। हालांकि इसके बाद भी सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। इसकी वजह है आतंकियों तक पहुंचने वाली वह सप्लाई चेन, जिसे पाकिस्तान चालू रखे हुए है। वह पिछले कुछ साल से गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। उसकी गाड़ी आईएमएफ और कुछ सहयोगी देशों के कर्ज से किसी तरह चल रही है। इसके बाद भी वह आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग का जुगाड़ कर लेता है। भारत को इसी फंडिंग को खत्म करना होगा।

**हथियारों पर रोक:** पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता चीन है। इस्लामाबाद अपने 81% हथियार पेइचिंग से लेता है। इसके बाद नंबर है अमेरिका का। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फिर भारत के खिलाफ किया जाता है। नई दिल्ली को इस बारे में दोनों देशों के साथ स्पष्ट बात करनी चाहिए। 2019 का उदाहरण भी दुनिया के सामने है, जब अमेरिकी रोक के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ऋ16 का इस्तेमाल किया था। दुनिया को यह बताने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना को दी गई एक भी गोली किसी टेरर कैंप में पहुंच सकती है।

**आर्थिक मदद न मिले:** अमेरिका और भारत के करीबी रिश्ते हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ सीमा विवाद भले हो, लेकिन आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। 2024 में दोनों के बीच 118 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार हुआ और इसमें पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है। अमेरिका और चीन - दोनों को भारत का बाजार चाहिए। भारत को अपनी इस मजबूत आर्थिक हैसियत का फायदा उठाते हुए साफ कर देना चाहिए कि पाकिस्तान को अब और आर्थिक मदद नहीं। इसी तरह की बातचीत यूएई और सऊदी अरब के साथ भी होनी चाहिए, जहां से इस्लामाबाद को आर्थिक मदद मिलती रहती है।

**दो टूक बात:** पड़ोसी देश के छेड़े छद्म युद्ध से निपटने के लिए भारत को अपना रुख बेहद कड़ा करना होगा। इस दो टूक बातचीत में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि जो देश पाकिस्तान को आर्थिक या सैन्य मदद देंगे, वे भारत का भरोसा खोएंगे।

### पाक खिलाड़ी नदीम को चैंपियनशिप के न्योता देने पर भड़के फैंस

# नीरज चोपड़ा की ईमानदारी पर उठे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें निशाना बनाने वालों को शुक्रवार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को न्योता था जो पहलगाम आतंकी हमले से पहले भेजा गया था।

तोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलिंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुःखी है कि उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाए जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरू में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए बुलाया था। नदीम ने पेरिस ओलिंपिक में चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने मसरूफियत का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था।

चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा, नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही हैं और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक है। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने लिखा, मैं आम तौर पर ज्यादा बोलता नहीं हूं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मैं गलत के खिलाफ नहीं बोलूंगा। वह भी तब जब हमारे देश के लिए मेरे प्यार पर सवाल उठाए जा रहे हैं और मेरे परिवार के सम्मान का सवाल है।



चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। चोपड़ा ने कहा, मैने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है। उन्होंने लिखा, पिछले 48 घंटे में जो हुआ, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के खेलने का सवाल ही नहीं था। मेरे देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनायें उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपनों को खोया है। पूरे देश के साथ मैं भी दुःखी और खफा हूं। मुझे यकीन है कि हमारे देश का जवाब एक राष्ट्र के रूप में हमारी शक्ति दिखा देगा और इंसाफ होगा।

चोपड़ा ने कहा कि पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण जीतने के बाद नदीम को अपना ही बच्चा बताने वाली उनकी मां के बयान को लेकर कैसे लोगों के मत बदल गए। उन्होंने कहा, मुझे समझ में नहीं आ रहा कि लोगों के सुर कैसे बदल जाते हैं। जब मेरी सीधी सादी मां ने एक साल पहले एक मासूम सा बयान दिया तो हर जगह तारीफ हो रही थी। आज लोग उसी बयान को लेकर उन्हें निशाना बना रहे हैं। उन्होंने लिखा, मैं और भी मेहनत करूंगा ताकि दुनिया भारत को याद रखे और इसे सम्मान के भाव से देखे।

# ट्रेनी एयर होस्टेस ने किया जागरूक, दिया ट्रैफिक नियमों का संदेश

## ट्रैफिक पुलिस की अनूठी पहल





गुड इवनिंग, इंदौर

यातायात नियमों के प्रति आमजनमानस में जागरूकता लाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक अनूठा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस बार पुलिस ने एक नई पहल करते हुए अक्शा एयर होस्टेस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के साथ मिलकर शहर के प्रमुख पलासिया चौराहे पर खास कार्यक्रम आयोजित किया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात अरविंद तिवारी, सहायक पुलिस आयुक्त हिंदू सिंह मुवेल, सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री की उपस्थिति में इस विशेष अभियान में 50 ट्रेनी एयर होस्टेस ने भाग लिया और वाहन चालकों को बिल्कुल विमान की शैली में, इशारों के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का संदेश दिया। जिस प्रकार हवाई यात्रा के दौरान एयर होस्टेस यात्रियों को सुरक्षा नियमों की जानकारी देती हैं, उसी अंदाज में ट्रेनी एयर होस्टेस ने रेड सिग्नल पर रुकने, सीट बेल्ट पहनने, हेलमेट का उपयोग करने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात अरविंद तिवारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को रचनात्मक और प्रभावशाली तरीके से नियमों के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और शहर में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। अक्शा इंस्टिट्यूट से राहुल पांडे ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने में यातायात पुलिस का योगदान देते रहेंगे।

---

**बिना नंबर और गलत नंबर प्लेट लगे वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई**

# ट्रैफिक पुलिस की वाहन चेकिंग में पकड़ाई चोरी की गाड़ी



गुड इवनिंग, इंदौर

शहर के सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व यातायात के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा सघन यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में कल रेडिसन चौराहे पर यातायात प्रबंधन पुलिस की टीम द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बिना नंबर प्लेट का वाहन चौराहे से गुजर रहा था, जिसे आरक्षक अजय एवं जितेंद्र ने रोका। जानकारी निकाली गई तो चोरी के वाहन होने का पता चला। इसी दौरान आरोपी बहाने से भाग निकला।

## मोबाइल स्नेचिंग के शातिर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**मोबाइल, बाइक समेत 1.5 लाख का माल बरामद**

गुड इवनिंग, इंदौर



भंवरकुआं थाना पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग करने वाले 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से वारदात में उपयोग की गई बाइक, मोबाइल समेत डेढ़ लाख का माल बरामद किया गया है। 25 अप्रैल की रात में लॉ कॉलेज के सामने सर्विस रोड भंवरकुआं पर सरकारी कर्मचारी के साथ हुई घटना के बाद पुलिस ने मामले में पड़ताल करते हुए यह कार्रवाई की। आरोपियों के नाम संजय बघेल पिता वालसिंह बघेल और अनिल बघेल पिता भीम सिंह बघेल दोनों निवासी ग्राम तरसिंगा थाना टांडा तहसील कुक्षी जिला धार हाल निवास त्रिवेणी नगर तीन इमली के पास चितावद इन्दौरहै। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

## अस्पताल में मारपीट के दौरान मौजूद थे कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे

**अस्पताल में विधायक प्रतिनिधि कपिल पाठक और चिंटू चौकसे के बीच हुए विवाद को लेकर फुटेज आए सामने**

गुड इवनिंग, इंदौर



भंडारी अस्पताल में विधायक प्रतिनिधि कपिल पाठक और नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के बीच हुए विवाद को लेकर एक के बाद एक नए वीडियो सामने आ रहे हैं। इन वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे घटनास्थल पर मौजूद थे। वे अस्पताल परिसर में अंदर-बाहर आते-जाते दिख रहे हैं और अन्य लोगों को बाहर भेजते नजर आते हैं। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि जब मारपीट हो रही थी, तब चिंटू चौकसे वहीं थे, लेकिन उन्होंने मारपीट रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। इसके अलावा, एक वीडियो में चौकसे गेट पर खड़े होकर मोबाइल पर बात करते नजर आते हैं, वहीं कपिल पाठक और उनके परिजन गेट के बाहर खड़े दिखाई देते है।

इस पूरे मामले की शुरूआत बीते शनिवार रात हुई, जब हीरा नगर थाना क्षेत्र के सुखलिया में कपिल पाठक और चिंटू चौकसे के परिजनों के बीच पानी के टैंकर को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें कपिल घायल हो गए। इसके बाद चौकसे के समर्थकों ने कपिल के घर के बाहर हंगामा किया और उनकी कार को भी नुकसान पहुंचाया। घायल कपिल जब इलाज के लिए भंडारी अस्पताल पहुंचे, तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद पुलिस ने चिंटू चौकसे समेत आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चिंटू चौकसे को रविवार को गिरफ्तार किया और उनका मेडिकल परीक्षण करवाकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर, चिंटू चौकसे के परिजनों की शिकायत पर कपिल पाठक समेत चार लोगों पर भी केस दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से मामला अब कानूनी प्रक्रिया में चल रहा है और पुलिस जांच कर रही है।

### कांग्रेस का दावा और भाजपा का पलटवार

कांग्रेस ने इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए एक सीसीटीवी फुटेज जारी किया था, जिसमें उन्होंने दावा किया कि घटना के वक्त चिंटू चौकसे एक भंडारे में मौजूद थे। हालांकि, भंडारी अस्पताल के वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस के इस दावे पर सवाल उठने लगे हैं। इन वीडियो में अस्पताल परिसर में कपिल पाठक के साथ मारपीट होती साफ नजर आ रही है। वीडियो सामने आने के बाद कपिल के परिजन और भाजपा समर्थक विजय नगर थाने पहुंचे और अस्पताल में हुई मारपीट की शिकायत की। इसी दिन दोपहर में चिंटू चौकसे की पत्नी माधवी चौकसे भी पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचीं और अपना पक्ष रखा।

---

## बाल विवाह करवाया तो होगी सख्त कार्रवाई

गुड इवनिंग, इंदौर

- कई लोगो की तय की जिम्मेदारी
- कुछ दिन बाद ही आ रही है अक्षया तृतीया
- कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक के विवाह को प्रतिषेध किया गया है। जो कोई किसी बाल विवाह को सम्पन्न करेगा, संचालित करेगा या दुष्प्रेरित करेगा, ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही के प्रावधान है ।

बाल विवाह के रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 (1) (2) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि अक्षया तृतीया (आखातीज) एवं अन्य धार्मिक अवसरों पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न समाज एवं संगठनों द्वारा सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम भी करवाए जाते है। इस दौरान बाल विवाह के आयोजन की आशंका रहती है। जारी आदेशानुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, कोटवार, शौर्या दल, चाईल्ड लाईन, लाडो अभियान कोर सदस्य आदि की जवाबदारी तय की गई है कि क्षेत्र में कोई भी विवाह योग्य विधि अनुरूप मान्य उम्र (बालक का विवाह 21 वर्ष व बालिका का विवाह 18 वर्ष) के पूर्व ना हो। कहा गया है कि बाल विवाह की दशा में शिकायत स्थानीय पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, चाईल्ड लाईन 1098 पर कराई जाए। सामूहिक विवाह करवाने वाले आयोजकों से शपथ पत्र ले कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह को नहीं करेंगे। इसी तरह प्रिन्टिंग प्रेस, टेंट हाऊस, शादी के गार्डन धर्मशाला मालिक, हलवाई, केटरर, धर्म गुरू, समाज के मुखिया, बैण्ड वाले, नाई, ब्यूटी पार्लर, ट्रांसपोर्टर आदि सेवा प्रदाता भी उम्र से संबंधित प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परीक्षण करने के बाद ही सेवाए प्रदान करेंगे। अपनी संस्था में यह नोटिस चस्पा करेंगे कि लाडो अभियान के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह बाल विवाह होने के कारण सेवायें नहीं देंगे।

## ट्रैफिक सुधार के लिए बेतरतीब खड़ी 4 बसों को किया जब्त

गुड इवनिंग, इंदौर




शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत शुक्रवार को सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क पर बेतरतीब खड़ी 4 बसों जब्त किया गया।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहन बस, स्कूल वाहन सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को पिपलियाहाना, रिंग रोड, तीन इमली चौराहा पर बसों की सघन चेकिंग की गई। जिसमें वाहनो के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किए गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित सभी दस्तावेज को भी चेक किया जा रहा है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के साथ ही बसों को बेतरतीब खड़ी करने पर बसों को जब्त करने की कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान नेमावर रोड पर संजय ट्रेवल्स की बसें बीच सड़क पर मरम्मत, सफाई का काम करवाते पाई गई। बीच सड़क पर बसों की साफ सफाई, मरम्मत से आम जन को हो रही असुविधा, ट्रैफिक जाम की स्थिति से निपटने के लिए 4 बसों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय इंदौर में रखा गया। साथ ही ट्रेवल्स, बस संचालकों से अपील की गई कि वे अपनी बसों को तय स्थान से ही चलाए अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब, निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसो की जब्ती की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

**अवैध रूप से खड़े 8 हाईवा और डंफर जब्त**-देवगुराड़िया रेत मंडी के आसपास सड़क पर हाईवा और डंफर खड़े कर यातायात को बाधित किए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सख्त कार्यवाही की गई है। सड़क पर अवैध रूप से खड़े 8 हाईवा और डंफर को जब्त कर थाना खुड़ैल परिसर में खड़ा किया गया है। इसके साथ ही रेत विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई कि रेत मंडी की परिधि के भीतर ही वाहनों को खड़ा कर वैधानिक रूप से रेत का विक्रय और परिवहन करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध रेत परिवहन और विक्रय के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## निजी हॉस्टल में रहने वाले छात्र के साथ बाहरी युवकों ने की मारपीट

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक निजी हॉस्टल में रहने वाले छात्र के साथ बाहरी युवकों ने जमकर मारपीट कर दी। युवती को लेकर हुई कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि हमलावरों ने हॉकी, डंडे और बेल्ट निकालकर छात्र पर हमला कर दिया। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जो आसपास मौजूद लोगों ने बनाए। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश जारी है। घटना गुरुवार रात करीब 2 बजे की है। लसूडिया पुलिस के एसआई मुकेश झारिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक प्रेस्टीज कॉलेज का छात्र रोहन तिवारी, जो पास के निजी हॉस्टल में रहता है, रात को टहल रहा था। तभी कार में सवार अभिमन्यु, प्रांजय और उनके अन्य साथी वहां पहुंचे और रोहन को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। हमला इतना अचानक और तेज था कि हॉकी, डंडे और बेल्ट का इस्तेमाल किया गया।

मारपीट की आवाज सुनकर जब हॉस्टल में मौजूद रोहन के दोस्त नीचे आए और बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ देर में दो आरोपियों को पकड़ लिया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मारपीट की जड़ में एक युवती को लेकर हुआ विवाद है। दरअसल, आरोपी युवकों के दोस्त प्रभांसु पांडे की किसी युवती को लेकर मोबाइल पर छात्र रोहन तिवारी से बहस हुई थी, जिसके बाद हमले की योजना बनाई गई।

लसूडिया पुलिस के अनुसार मारपीट करने वाले युवक इंदौर के बाहर के रहने वाले हैं। उनकी कार और अन्य वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में घायल छात्र रोहन तिवारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने से युवक की मौत

इंदौर। इंदौर के तेजाजी नगर स्थित एक बिल्डिंग से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। बिल्डिंग 10 मंजिल से ज्यादा ऊंची बनाई जा रही है, और काम के दौरान युवक नीचे गिर गया। घटना के बाद परिवार को बताया गया कि वह पहली मंजिल से गिरा था, लेकिन परिवार का आरोप है कि युवक ऊंची मंजिल से गिरा था, जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि मृतक युवक कृष्णा (21), जो पप्पू कोरकू का बेटा है, जटाशंकर नगर बागली, देवास का निवासी था। गुरुवार को युवक को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। कृष्णा के दोस्त मुकेश ने बताया कि कृष्णा पिछले दो महीने से अपनी बहन के साथ काम के लिए इंदौर आया था और इसी परिसर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय कृष्णा का संतुलन बिगड़ा था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह किस मंजिल से गिरा था।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार,** स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।